Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ सिद्धिदात्री

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ सिद्धिदात्री

वर्ष: 6 अंक: 270 | बुधवार , 01 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## विदा होते-होते जमकर बरस रहा मानसून

# उत्तर प्रदेश में बिजली गिरने से 22 की मौत

**नई दिल्ली।**

चार महीने से पूरे देश को झमाझम बारिश से भिगोकर राहत देनेवाले मानसून ने अंततः विदा ले ली। मौसम विभाग ने मानसून की विदाई की आधिकारिक घोषणा की। हालांकि, बीते कुछ दिनों से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को सोमवार को हुई झमाझम बारिश से फिर राहत मिली।

बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, मराठवाड़ा, केरल और लक्षद्वीप में हल्की वर्षा संभव है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश की संभावना है, जो मानसून विदाई के दौरान एक आखिरी फुहार जैसा होगा। मानसून की वापसी से पहले सोमवार को पूर्वांचल से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को प्रदेश के मध्य और पश्चिम हिस्से तक पहुंच गया। इस दौरान बिजली गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक 14 मौतें कानपुर व आसपास के जिलों में हुई हैं। इसके अलावा प्रयागराज, श्रावस्ती, हाथरस, अलीगढ़, बांदा, मथुरा व फिरोजाबाद में भी वज्रपात से जानें गई हैं। संभल में एक स्कूल पर बिजली गिरने से छत के मलबे की चपेट में आकर छह विद्यार्थी घायल हो गए। वर्षा के कारण कई जिलों में बाजरा, आलू व सरसों आदि फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तीन दिनों तक राजधानी समेत 40 जिलों में वर्षा के आसार हैं। शुक्रवार को मध्य व पूर्वी यूपी के लगभग सभी जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। वर्षा के दौरान बिजली गिरने से फतेहपुर में पिता-पुत्र समेत पांच, जबकि कन्नौज-महोबा में तीन-तीन मौतें हुई हैं। प्रयागराज, बांदा, कानपुर व चित्रकूट में एक-एक मौत हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक बारिश रिकार्ड की गई। देश में 868.6 मिमी बारिश को सामान्य माना जाता है, जबकि इस साल 937.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। इस वजह से बीच-बीच में लोगों को बाढ़ और भूस्खलन के चलते आफत भी झेलनी पड़ी। इसके चलते करीब 1500 लोगों की मौत हुई। इसमें 935 लोगों की बाढ़ और भारी बारिश से, जबकि 570 लोगों की मौत वज्रपात से मौत हुई।



### अगले 24 घंटे के दौरान इन राज्यों में होगी भारी बारिश

अगले 24 घंटे के दौरान, अंडमान–निकोबार में मध्यम से भारी बारिश बनी रह सकती है। उत्तराखंड, पूर्वोत्तर भारत, उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, तटीय कर्नाटक और कोंकण–गोवा में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

## कोल्हापुर में इमारत का स्लैब गिरने से एक की मौत, पांच घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में कोल्हापुर नगर निगम के एक निमार्णाधीन दमकल केंद्र में निर्माण कार्य के दौरान एक स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, एक अधिकारी ने बताया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात हुई इस घटना में दमकल विभाग ने पांच लोगों को बचा लिया। कोल्हापुर नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनीष रणबीसे ने एएनआई को बताया कि आज कोल्हापुर नगर निगम के अग्निशमन विभाग भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। स्लैब का काम अपने अंतिम चरण में था। लेकिन स्लैब गिर गया। ठेकेदार और अन्य कर्मचारियों सहित छह लोग अंदर फंस गए। दमकल विभाग ने पाँच लोगों को बचा लिया। हालांकि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) धीरज कुमार बच्चू ने पुष्टि की कि फुलेवाड़ी इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## 'भविष्य के युद्ध जीतने के लिए आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी': एयर मार्शल भारती

**नई दिल्ली।**




वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने जोर देकर कहा कि भारतीय सैन्य क्षेत्र को तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा। इसमें वायु सेना को सक्रियता से स्वदेशी परियोजनाओं पर काम करना होगा। उन्होंने स्वदेशी इंजन उत्पादन का महत्व बताते हुए कहा कि स्वदेशी इंजन के उत्पादन में अगले 10-12 वर्ष लग सकते हैं। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में रक्षा क्षेत्र के साथ-साथ औद्योगिक हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। एयर मार्शल भारती ने एयरो टेक इंडिया 2025 पर आयोजित कार्यक्रम में भविष्य के युद्धों पर बात करते हुए कहा कि देश को सामरिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीक में छलांग लगानी पड़ेगी। भविष्य के युद्ध जीतने के लिए यह स्पष्ट है कि हमें आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। भारती ने कहा कि संकट के समय में आप किसी पर भरोसा नहीं कर सकते। उस दौरान अगर अहम उपकरणों की उपलब्धता बाधित हुई, तो हम उनका उत्पादन अचानक नहीं बढ़ा पाएंगे। आरामतलबी से काम नहीं चलनेवाला है। उन्होंने जोर दिया कि केवल ताकतवर होने से युद्ध नहीं जीते जा सकते, बल्कि नवोन्मेष तेज करना होगा, उसे बेहतर तरीके से एकीकृत करना होगा।एयर मार्शल भारती ने कहा कि भारत को सुरक्षित चिप, कम्युनिकेशन सिस्टम, हाइपरसोनिक मिसाइल, एयरक्राफ्ट और अंतरिक्ष से जुड़े यंत्रों-उपकरणों में उन्नत क्षमता हासिल करने की जरूरत है। उनके मुताबिक आइडिया को तेजी से तकनीक में तब्दील करने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पर जोर दिया जाना चाहिए।

## कोटा में होगा विश्व के सबसे ऊंचे रावण का दहन, 44 लाख के बने पुतले का साढ़े 13 हजार किलो है वजन

**जयपुर।**

राजस्थान के कोटा में इस वर्ष दशहरे पर विश्व के सबसे ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। करीब चार महीने की मेहनत के बाद अंबाला के करीगर तेजेंद्र चौहान ने 221 फीट का रावण तैयार किया है। इसका वजन साढ़े 13 हजार किलो है। विश्व के सबसे ऊंचे रावण को बनाने में करीब 44 लाख रुपये की लागत आई है। बता दें कि अब तक दिल्ली के पास 210 फीट ऊंचे रावण दहन का रिकॉर्ड है। सोमवार रात रावण का पुतला कोटा के दशहरा मैदान लाया गया। दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि पुतले को लेकर कोटा का नाम एशिया बुक आफ व ?र्ल्ड रिकॉर्ड एवं इंडिया बुक ऑफ व ?र्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। दिल्ली से चार अलग-अलग टीमें कोटा पहुंची हैं, जिनमें एशिया रिकॉर्ड एवं इंडिया बुक के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। उन्होंने रावण के पुतले की ऊंचाई मापने के साथ अन्य तथ्य भी देखे हैं। उन्होंने बताया कि पुतले को दो क्रेनों की मदद से दशहरा मैदान में खड़ा किया गया। सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं।



# गाजियाबाद में भ्रष्टाचार का अड्डा बना जीडीए

## अधिकारियों की मिलीभगत से खड़ी हो रही अवैध इमारतें, जनता बेहाल, व्यवस्था बेजुबान

## चिरंजीव विहार: जेई और सुपरवाइजर की मिलीभगत से बनी चार मंज़िला इमारत



चिरंजीव विहार

■ प्रवीण कुमार

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के चिरंजीव विहार इलाके में जीडीए की नाक के नीचे अवैध निर्माण का बड़ा मामला सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर यहां चार मंज़िला इमारत खड़ी कर दी गई, जबकि गाजियाबाद डेवलेपमेंट अथॉरिटी (ऋळअ) के नियमों के मुताबिक किसी भी नक्शे पर केवल तीन मंज़िल तक निर्माण की अनुमति है, स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल जीडीए के जेई गुंजा शंकर और सुपरवाइजर कमलेश की मिलीभगत से हुआ। मोटी रकम लेकर इन्होंने आंखें मूंद लीं और बिल्डर को मनमर्जी से निर्माण करने दिया, सबसे चिंताजनक बात यह है कि अगर कल को इस इमारत में हादसा होता है, तो यही अधिकारी अपने हाथ खड़े कर देंगे, जबकि असली गुनहगार वही भ्रष्ट अधिकारी हैं, जिन्होंने लालच और रिश्वत के चलते शहर की सुरक्षा और कानून को दांव पर लगा दिया, जनता की मांग है कि ऐसे अफसरों को तुरंत निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**इंदिरापुरम अवैध निर्माण की राजधानी :** गाजियाबाद का इंदिरापुरम, जिसे कभी योजनाबद्ध विकास और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता था, अब एक नई पहचान पा चुका है, अवैध निर्माण की राजधानी, यहां कई जगह खुलेआम बिल्डिंगें बन रही हैं, और जीडीए अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही।



चिरंजीव विहार

### चार बड़े मामले

**नीति खंड–2**
मुख्य सड़क किनारे अवैध निर्माण। सड़क पर फैली सामग्री से रोजाना जाम लगता है। राहगीर परेशान हैं, लेकिन जीडीए खामोश।

**शक्ति खंड–2**
(प्लॉट नंबर 64): बिना नक्शे और अनुमति के धड़ल्ले से निर्माण। बिल्डर बेखौफ, प्रशासन बेपरवाह।

**शक्ति खंड–3**
(प्लॉट नंबर 340): पूरी इमारत लगभग तैयार हो चुकी है, कार्रवाई के नाम पर नोटिस तक नहीं।

**नीति खंड–2**
मुख्य सड़क के दोनों ओर आमने–सामने अवैध निर्माण। शहर की प्लानिंग की पूरी तरह धज्जियां उड़ाई गईं।

स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालकर शिकायतें कर चुके हैं, अधिकारियों को टैग किया है, लेकिन नतीजा वहीं कोई कार्रवाई नहीं।

### सीएम योगी के आदेश भी धरे के धरे

सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशों के बावजूद जीडीए के नाक के नीचे अवैध निर्माण का धंधा कैसे फल-फूल रहा है ?, सीएम ने कई बार साफ निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन गाजियाबाद में जीडीए अफसर इन आदेशों की बार-बार अवहेलना कर रहे हैं, यह लापरवाही नहीं, बल्कि आदेशों की खुली अवमानना है।

### जनता के सवाल

- क्या यह सिर्फ लापरवाही है या जीडीए और बिल्डरों की सीधी मिलीभगत?
- सीएम योगी के आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाले अफसरों पर कार्रवाई कब होगी?
- क्या गाजियाबाद की प्लानिंग और भविष्य इस भ्रष्ट सिस्टम की भेंट चढ़ जाएगा?

इंदिरापुरम हो या चिरंजीव विहार, ये मामले सिर्फ दो इलाके तक सीमित नहीं हैं। यह तो बस बर्फ की चोटी है। पूरे गाजियाबाद में ऐसे दर्जनों अवैध निर्माण चल रहे हैं और जीडीए भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो गाजियाबाद सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक खतरनाक मिसाल बन जाएगा – जहां कानून बिकता है, आदेश ठुकराए जाते हैं और व्यवस्था अफसरों की मिलीभगत के आगे झुकती है।





## संपादक की कलम से

# एक गंभीर चेतावनी



ललित शर्मा
संपादक

पहले जिन रोगों का खतरा अधेड़ और वृद्ध लोगों को होता था, उनकी जद में अब बच्चे भी आने लगे हैं। बच्चों के रक्त में ज्यादा वसा की समस्या से जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता, प्रदूषण रहित वातावरण और सकारात्मक सोच जैसे तत्त्व ही स्वस्थ जीवन का आधार होते हैं। मगर हमारी बदलती जीवनशैली में इन तत्त्वों का अभाव साफ देखा जा सकता है। इसका असर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सब पर पड़ रहा है। यही वजह है कि अब बच्चों और किशोरों में भी कई तरह के शारीरिक एवं मानसिक विकार पैदा हो रहे हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से हाल में देशभर के बच्चों के स्वास्थ्य पर जारी की गई रपट में भी कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसमें कहा गया है कि पांच से नौ वर्ष की आयु के एक-तिहाई से अधिक बच्चे रक्त में ज्यादा वसा जमा हो जाने की समस्या से ग्रसित हैं, जो भविष्य में हृदय रोग, मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। ये आंकड़े सिर्फ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को उजागर करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारी आधुनिक जीवनशैली को लेकर एक गंभीर चेतावनी भी है। इस रपट से पता चलता है कि पहले जिन रोगों का खतरा अधेड़ और वृद्ध लोगों को होता था, उनकी जद में अब बच्चे भी आने लगे हैं। बच्चों के रक्त में ज्यादा वसा की समस्या से जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यह वास्तव में दुखद स्थिति है कि पश्चिम बंगाल में 67 फीसद से अधिक, सिक्किम में 64 फीसद, नगालैंड में 55 फीसद, असम में 57 फीसद और जम्मू-कश्मीर में 50 फीसद बच्चों में यह समस्या पाई गई है। जाहिर है कि इस समस्या का एक कारण हमारे खानपान का बदलता स्वरूप और परिवारों में इसके प्रति लापरवाही भी है। घर के बजाय बाहर के भोजन और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री पर बढ़ती निर्भरता का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। यही नहीं, रपट में यह तथ्य भी सामने आया है कि देश के लगभग पांच फीसद किशोर उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इस मामले में शीर्ष पर है। ऐसे में जरूरत है भौतिक संसाधनों के पीछे भागने के बजाय स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की, ताकि इस तरह के विकारों को पनपने का मौका ही नहीं दिया जाए।

## जीवन एक झरना

**श्री कमलेश झा नगरपारा**



### कविता

मानव जीवन एक झरना है जिसका मतलब चलना है
पथ चाहे समतल हो या पथरीला मतलब केबल बढ़ना है ।।
जीवन के उद्गम स्थल पर अपनों का कह-कहा है
उस कहकहे के पीछे भी मतलब उनका अपना है ।।
कर्ण विदीर्ण चित्कारों से अपने तो खुश होते हैं
थाली ढोल ताशा बजाकर ये अपने सुख लेते हैं ।।
मन में आशा लिए वो झरना अपने पथ पर चलता है
कभी अपनों की ठोकर या टेढ़ा-मेढ़ा सा रास्ता है ।।
जीवन डगर पर कभी घाटी,पहाड़,खाई भी मिल जाता है
इसे ईश्वर का विधान मानकर झरना चुपचाप सह लेता है ।।
जीवन में सफलता पाने वह अपना बसेरा छोड़ जाता है
फिर पथिक बनकर हीं उसका शेष जीवन कटता है ।।
सफलता और संघर्ष में जब मिलता है उसको किसी का साथ
कहने को तो संगम है पर वहीं छिपा है उसके दिल का अवसाद ।।
फिर खेल शुरू होता स्पर्धा का कौन आगे निकल जाएगा
झरना का वह शांत रूप फिर स्पर्धा में हीं लग जाएगा ।।
झरना तो निर्जीव है उसे जीत हार से क्या मतलब
यह जीत हार तो मानव का है इससे तो इसी का तलब ।
जीत के जब दो मोती नैन पटल पर आते हैं
हम मानव का अंतरमन प्रफुल्लित हो जाते हैं ।।
वहीं हार की निराशा हमे धकेलता है अवसाद में
मानव की वेदना को निकालता अश्रु धार में ।।
आशा और निराशा के बीच हीं हम मानव का जीवन चलता है
लेकिन झरना जैसा चलना यही तो मानव धर्म कहता है ।।
आशा की किरण लिए हम जीवन पथ पर चलते हैं
जीवन के पथरीली राह को सहर्ष स्वीकार करते हैं ।।
बेशक जीवन में जितनी चोट लगे खुशी-खुशी हम सहते हैं
सजीव होते हुए भी हम निर्जीव सा रहते हैं ।।
आहें जब निकलता तो अपना मुंह बंद कर लेते हैं
फिर भी अपनों को इसका अनुभूति नहीं होने देते हैं ।।
झरना का तो एक सत्य है सागर में मिल जाना
पर हम मानव काभी एक सत्य है अपनों के लिए सर्वस्व लुटाना ।।
कभी सर्वस्व लुटा कर भी आप अधूरे रह जाते हैं ।
कभी अपनों का दगा या फिर उसमें दबकर रह जाते हैं ।।
मानव का बस एक धर्म है चोट खाकर भी चुप रहना
नहीं तो मानव और सर्प में मुश्किल है अंतर कर पाना ।।
जीवन रूपी झरना में कुंद करो अपना जीवन।
कतरा कतरा समर्पित कर दो हे मानव अपना तन-मन ।।
झरना से बस एक ज्ञान तो ले लो तुम
जीवन पथ पर चुपचाप चलकर सागर में मिल जाओ तुम ।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## नौवां नवरात्रा

# मां सिद्धिदात्री की पूजा कैसे करें? नवरात्र के अंतिम दिन और क्या-क्या करें?



*मां सिद्धिदात्री की पूजा नवरात्रि के नौवें और अंतिम दिन की जाती है। मां सिद्धिदात्री भगवान शिव को भी सिद्धि प्रदान करने वाली देवी मानी जाती हैं। मां को माता सरस्वती का एक रूप भी कहा गया है। इसलिए इनकी पूजा का विशेष महत्व है। भोग लगाने के बाद मां सिद्धिदात्री की आरती का विशेष फल मिलता है। नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री सिद्धियां और मोक्ष देती हैं। उनकी पूजा करने से सारे काम पूरे होते हैं। मोक्ष मिलता है। आध्यात्मिक गुरु पंडित कमला पति त्रिपाठी प्रमोद ने कहा कि नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का खास महत्व है। मां कमल के फूल पर बैठती हैं। उनकी पूजा में नौ तरह के फल और फूल चढ़ाए जाते हैं। उन्हें विद्या और कला की देवी सरस्वती का रूप भी माना जाता है।*

### माता सिद्धिदात्री के पास आठ सिद्धियां

भक्त नवरात्रि के नौ दिनों तक उपवास और पूजा-अर्चना करके मां दुर्गा की कृपा पाते हैं। उन्हें मनचाहे फल की प्राप्ति होती है। घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। देवी-देवता, गंधर्व, ऋषि और असुर भी माता सिद्धिदात्री की पूजा करके आठ सिद्धियां प्राप्त कर सकते हैं। अंत में मोक्ष प्राप्ति होती है।

### मां सिद्धिदात्री का मंत्र क्या है?

मां सिद्धिदात्री के मंत्र ₹ॐ सिद्धिदात्र्यै नम:₹ का जाप करें।
मां की आरती करें और दुर्गासप्तशती या अन्य धार्मिक ग्रंथों का पाठ करें।
मां सिद्धिदात्री का प्रिय भोग क्या है?
मां सिद्धिदात्री को प्रसन्न करने के लिए भक्त कई तरह के भोग लगाते हैं। हलवा, पूरी, चना, फल, खीर और नारियल जैसे प्रसाद चढ़ाए जाते हैं। मान्यता है कि जामुनी या बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से विशेष फल मिलता है। भोग लगाने के बाद मां सिद्धिदात्री माता की विशेष रूप से आरती की जाती है। इस दिन तिल का भोग या विभिन्न प्रकार भोग लगाएं। इससे सभी प्रकार के सांसारिक सुखों को प्राप्ति होगी।

### पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
मां सिद्धिदात्री की प्रतिमा या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें।
मां को कमल का फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

### कन्या पूजन का विधान

नवरात्रि के 9 वें दिन कन्या पूजन किया जाता है। इस दिन नौ कन्याओं और एक (बालक) का पूजन करने का विधान है। हालांकि अपनी क्षमता के अनुसार 5,3,1 कन्याओं का पूजन भी किया जा सकता है। कन्या पूजन में कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दक्षिणा दी जाती है। उनका आशीर्वाद लिया जाता है।

### मां की पूजा के लाभ

मां सिद्धिदात्री की पूजा से भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है।
मां की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता की प्राप्ति होती है।
मां सिद्धिदात्री की पूजा से आत्म-विश्वास और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

# आपका एक मत, भविष्य की आवाज! डॉ विक्रम चौरसिया



चिंतक/सामाजिक कार्यकर्ता/आईएएस मेंटर /दिल्ली विश्वविद्यालय
9069821319

चुनावी रंडभेरी बज चुकी है। अब आपका समय है मेरे आत्मीय अपने अपने मत का प्रयोग जरूर करें और अपने भविष्य का फैसला खुद से करें ।याद रखिए, एक वोट से ही बदलाव की शुरूआत होती है। जागरूक बनें, सोच-समझ कर मतदान करें, और बिहार को नई दिशा दें ,जिससे विकसित भारत का रास्ता बिहार से होकर अब दौड़ पड़े ।लोकतंत्र की बुनियाद जनता की सेवा पर टिकी होती है। राजनीति दल भी टिकट उन्हीं लोगों को दे जो वास्तव में समाज की सेवा करने वाले सच्चे सेवक हो। जनता का प्रतिनिधि केवल कुर्सी पाने या शक्ति दिखाने का साधन नहीं, बल्कि समाज की भलाई और राष्ट्र निर्माण का जिम्मेदार पद है,तभी तो भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा ।इतिहास देखे तो सिखाता ही है न कि महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री ,सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह व भीमराव अंबेडकर जैसे बहुत से अन्य नेता जनता की सेवा और ईमानदारी से महान जननेता बने ।हमें चाहिए ऐसे नेता जो जनता की आवाज सुनें, सदन में जनता के सवाल उठाएँ,बिना भेदभाव जनता के लिए काम करें ।आज देखे तो दुर्भाग्य से ही राजनीति में धनबल, बाहुबल, जातिवाद, भाईझभतीजावाद, यहाँ तक कि अब मनोरंजन और दिखावे पर जोर दिया जा रहा है। जो अधिक पैसा खर्च कर सके, जो धमक दिखा सके या किसी जातीय समीकरण का हिस्सा बन जाए, वही टिकट और पद पा जाता है। नतीजा यह होता है कि असली समाजसेवी जो जनता के बीच रहकर उनकी तकलीफें समझते हैं, वे पीछे ही रह जा रहे हैं। ध्यान रखें कि जनप्रतिनिधि वही बनना चाहिए जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और न्याय के लिए संघर्षरत हो , संसद में जनता की आवाज बुलंद करे, जो ईमानदारी से नीतियाँ बनाए और उनके क्रियान्वयन पर ध्यान दे ,न कि केवल पार्टी लाइन पर ताली बजाने का काम करे। राजनीति का असली उद्देश्य जनसेवा है, न कि सत्ता का सुख। अगर समाज सेवा करने वाले लोग आगे आएँगे तो राजनीति फिर से सम्मान और आदर्शों की मिशाल बनेगी। जनता को ही अब चुनाव के समय सही प्रतिनिधि चुनने की जिम्मेदारी उठानी होगी ताकि लोकतंत्र वास्तव में ₹जनता के लिए, जनता के द्वारा, जनता का₹ बन सके। देशवासियों से विनम्र आग्रह करता हूं कि राजनीति में जनप्रतिनिधि वही अब चुनना जो समाज की सेवा, लोगों की समस्याओं को समझने और हल करने की क्षमता रखता हो। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के चुने हुए प्रतिनिधि में होती है, और अगर वही लोग चापलूसी, धनबल, बाहुबल या परिवारवाद के दम पर आएंगे तो वे आपकी आवाज कभी ईमानदारी से नहीं उठा पाएंगे। जनता के बीच रहना, उनकी भाषा, संस्कृति और दुख-दर्द को समझना अगर ऐसे लोग राजनीति में आएंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश विकसित होकर विश्व गुरु बनेगा।

# दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

आज दिनांक 30 सितम्बर 2025 को नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा दो दिवसीय विशेष शिविर लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर शारदीय नवरात्रि अष्टम एवं नवमीं के अवसर पर आयोजन किया गया। अपरजिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह जी के द्वारा दो दिवसीय अष्टमी एवं नवमीं के उपलक्ष्य में वार्डन्स की ड्यूटियां मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए लगाई गईं थीं। आज प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट विनय पांडे जी एवं मंदिर के महंत राम गिरी गिरी जी महाराज के द्वारा शिविर का उद्घघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया ।साथ ही महंत जी द्वारा नारियल फोड़ कर कैम्प का शुभारम्भ किया। कैम्प में खोये पाये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाना,साथ ही स्वच्छ पानी की कैम्प में व्यवस्था करना,और शांति व्यवस्था में सहयोग करना ही मुख्य उद्देश्य है ।मंदिर के चारों ओर वार्डन्स पीली ड्रेस में ड्यूटी को अंजाम देते रहे। सहायक उप उपनियंत्रक सतीश कुमार,प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता,डिप्टी डिविजनल वार्डन चक्रेश लोहिया,डिविजनल ,स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता,स्टाफ अधिकारी वसीम अंसारी ,स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर,स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद,स्टाफ अधिकारी डॉक्ट्र शफीक अहमद, आईसीओ सुभाष जैन,अनुज कुमार गुप्ता,अंकुश भटनागर,आकाश अग्रवाल,पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति,आशीष त्रिवेदी,शाकिर हुसैन,सूरज प्रकाश , राजेश खन्ना,संजय कुमार गुप्ता,अनिल रस्तौगी,अंकुश भटनागर,निमित जायसवाल,सिकंदर हुसैन, अनामिका गुप्ता,आकाश गुप्ता,जसवंत कौर,अरशद अली,संदीप जैन,राम नारायण शर्मा,ब्रजेश शर्मा,राम सेवक गुप्ता, मोहम्मद तंजीम,अनिल प्रकाश,विशाल कश्यप,अरविंद कुमार थॉमस,आकाश रस्तोगी,सरजीत कुमार, मोहम्मद दानिश,दीपिका वर्मा,बबीता,अरुण गुप्ता,परवेज खान,कमल कश्यप,नीतू सक्सेना,सुखदेव यादव,संजीव खन्ना,राज विमल शर्मा,राहुल प्रजापति, शबाना परवीन,शबीना परवीन,शकील अहमद,सहीम उद्दीन,आदि सहयोग दे रहे हैं ।अब तक 7 बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाया।

# मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के मेरठ मण्डल अध्यक्ष व आसपा के महानगर अध्यक्ष मोहित सूद वाल्मीकि के सहयोग से सफाई मित्र सम्मान समारोह हुआ सफल

**वेलकम इंडिया**

मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति पंजीकृत के मेरठ मण्डल अध्यक्ष व आजाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष मोहित सूद के सहयोग से सफाई मित्र सम्मान समारोह में 100 वार्डों के काफी जनसंख्या में सफाई मित्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में शामिल हुए जिसमें सफाई नायक, सफाई मित्र, ड्राईवरो ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प आर डी शर्मा व उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि को मोहित सूद ने सफाई मित्र सम्मान समारोह में सफाई मित्रों की समस्याओं से भी अवगत कराया सूद ने बताया कि सफाई मित्रों को सुबह 5 बजे ड्यूटी पर बुलाया जाता है जो गलत है और बिना गलती व बिना नोटिस के ट्रांसफर कर दिए जाते हैं इनके ऊपर किसी भी वार्ड में हमला हो जाता है तब भी विभाग के अधिकारी इनका साथ नहीं देते है और छोटी छोटी बात को लेकर नौकरीयो से सेवा समाप्त कर दी जाती है व अन्य कार्य में भी इनका शोषण हो रहा है सबसे पहले इन सफाई मित्रों व सफाई नायकों व ड्राइवरों का स्वास्थ्य विभाग में शोषण होना बंद होना चाहिए सूद ने ये भी बताया अगर अधिकारियों से ज्यादा इनका सबसे ज्यादा शोषण अगर कोई कर रहा है तो वो है बाहरी व निगम के बिना सफाई मित्रों द्वारा चुने हुए यूनियन के नेता सफाई मित्रों व सफाई नायकों व ड्राइवरों को जागरूक करने के लिए उनको प्रेरित किया की आपको अपना दीपक स्वम बनना चाहिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिखित में दे कर स्वास्थ्य विभाग के सफाई मित्रों व सफाई नायकों व ड्राइवरों को एक होकर यूनियन का चुनाव करवाना चाहिए जिससे ये अपनी मांगों को सीधा रखकर अपनी समस्याओं को खुद हल करा सके जिससे ये बाहरी व निगम के बिना सफाई मित्रों द्वारा चुने गए नेताओं की दुकानें बंद होगी और आपका शोषण होना अपने आप बंद हो जायेगा इससे अधिकारियों के पास भी निर्वाचित यूनियन की जानकारी रहेगी और अधिकारियों को भी केवल एक ही यूनियन की बताओ को सुनने में आसानी होगी इससे अधिकारियों को तीन यूनियन की जगह एक यूनियन से मिलना आसान हो जायेगा और सुविधा भी मुहैय्या करने में आसानी होगी और समय पर उनकी मांगो का निस्तारण करना समय रहते हुए हो जाया करेगा उन्होंने बताया कि हमारी संस्था व पार्टी आपके साथ कन्धे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ी है कही भी हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भीम आर्मी चीफ व सांसद लोकसभा नगीना उत्तर प्रदेश एड चंद्रशेखर आजाद जी की आपको कही जरूरत पड़ती है तो आपके बीच में बुलवाकर आपकी समस्याओं से अवगत कराएंगे और निस्तारण भी कराने का काम हम करेंगे।



# कृष्ण-सुदामा से लेकर अंगद-रावण संवाद तक, हर प्रसंग ने बांधा समां

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** मंगलवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड ने भक्ति, कला और संस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देखा, जिसने हर दर्शक को आत्मिक आनंद से भर दिया। मानो अयोध्या और वृंदावन की पावन छवि एक साथ रामपुर की धरती पर उतर आई हो। देर रात तक गूंजते भजन, ऊजार्वान संवाद और ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष ने माहौल को दिव्य और अविस्मरणीय बना दिया।

दिन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता पर आधारित मंचन से हुआ। जब द्वारकाधीश कृष्ण ने सुदामा के लाए चावलों को प्रेमपूर्वक ग्रहण कर महलों और आभूषणों का दान करना शुरू किया तो दर्शक भाव-विभोर हो उठे। रुक्मणि के समय रहते रोकने वाले प्रसंग पर तालियों की गड़गड़ाहट और आंसुओं से भीगी आंखें इस बात की गवाही दे रही थीं कि यह प्रसंग केवल मंच पर नहीं, दर्शकों के हृदयों में जीवंत हो उठा था। शाम ढलते ही पूरा मैदान दीपमालाओं और मंत्रोच्चार से जगमगाने लगा। रात्रि 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कौशल्या-सुमित्रा संवाद तथा हनुमान जी की वापसी जैसे प्रसंगों का ऐसा सजीव मंचन प्रस्तुत किया कि हर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गया। वातावरण जय श्रीराम के नारों और तालियों की गूंज से थर्रा उठा। कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह, वीरेंद्र जोली और आलोक अग्रवाल को समिति द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की अगुवाई में शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया। रामपुर का यह आयोजन केवल रामकथा का मंचन नहीं रहा, बल्कि यह पूरे नगर का आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा अद्भुत समागम हुआ जिसने हर दर्शक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ दी। अब यह महोत्सव नगर की धार्मिक परंपरा से आगे बढ़कर उसकी सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल और डॉ. सुमित कुमार गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं।

# देश की 140 करोड़ आबादी को प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली का तोहफा दिया हैं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री एवं रामपुर के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता कर केन्द्र सरकार द्वारा जेएसटी स्लैबों में की गई कटौती की जानकारी दी।

जेपीएस राठौर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जीएसटी स्लैबों में कटौती नहीं बल्कि महाकटौती की हैं। जिससे देश की जनता में उत्साह हैं। देश की 140 करोड़ आबादी को प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली का तोहफा दिया हैं। उन्होने कहा कि पीएम ने इससे पहले होली पर्व पर इंकम टैक्स में आम आदमी को छूट देकर होली का उपहार दिया था और आज जीएसटी में कटौती कर दीपावली का तोहफा दिया हैं। कांग्रेस राज में बडे-बड़े घोटाले हुए और देश की जनता कांग्रेस की सरकार को घोटालों की सरकार कहती थी आज पीएम मोदी ने देश की जनता को घोटालों से बचाया हैं। देश विकास की ओर बढ़ रहा हैं। कांग्रेस सरकार में गरीबो को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का केवल पांच प्रतिशत ही जाता था बाकी बिचैलिये खा जाते थे लेकिन पीएम मोदी की सरकार में गरीबों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधा और पूरा पैसा जाता हैं। आज बिचैलियों का नाम ओ निशान मिट गया हैं। उन्होने कहा कि देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला गया हैं। 36 प्रकार की जीवन रक्षक दवाओं पर टैक्स कम किया हैं। उन्होने कहा कि जो लोग जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स के नाम से पुकारते थे उन्ही की सरकार में यह टैक्स जनता पर लागू किया गया था आज पीएम मोदी ने इस गब्बर सिंह टैक्स से आम जनता को मुक्ति दिलाई हैं।

इस मौके पर शहर विधायक आकाश सक्सैना, मिलक विधायक राजबाला, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, नदीम खां आदि मौजूद थे।

# शस्त्र पूजन कर मनाया गया विजयदशमी पर्व




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** सरस्वती शिशु मन्दिर नूरपुर में श्री दुर्गा पूजन के साथ शस्त्र पूजन कर मनाया गया विजय दशमी कार्यक्रम।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने समस्त आचार्य परिवार के साथ मां दुर्गा के समक्ष दीपार्चन कर पुष्प अर्पित किये। इसके पश्चात विद्यालय में शस्त्र पूजन किया गया। विद्यालय के आचार्य सीताराम ने भैया बहनो को रामायण के प्रसंग प्रस्तुत किए। इसके पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा विजयदशमी का उद्देश्य और जीवन में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। और सभी को विजयदशमी की शुभकामनाऐ दी।

# मेरा युवा भारत बिजनौर ने श्री साई इंटर कॉलेज रूपपुर में भव्य ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत बिजनौर के सौजन्य से श्री साई इंटर कॉलेज, रूपपुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेल कूद प्रतियोगिता में बॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकसी, गोला फेंक, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें विजेता उपविजेता टीमों को मेडल, सर्टिफिकेट और शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शुभम वालिया व राहुल त्यागी द्वारा आए हुए अतिथियों को शाल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया, कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. विनीत देवरा, राजकीय इंटर कॉलेज नरावली के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह यादव, राजीव त्यागी एडवोकेट, परिपाटी न्यूज के जिला ब्यूरो चीफ डॉ. ऋषिपाल तोमर, श्री साई इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रमोद त्यागी, मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल त्यागी, शोभित त्यागी, त्यागी, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रियंका रानी, संजीव सिसोदिया, आई पी सिंह, कोमल, शुभम विश्नोई, नरेश कुमार अनंतराम सिंह, संवाददाता आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्रभर से खेल प्रेमी और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में पहुंचे। खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों की तालियों से पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना के लिए भी प्रेरित करते हैं।, सफल आयोजन के लिए शुभम वालिया ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाले खेलकूद प्रतियोगिता में आमंत्रित है।

# ग्राम पंचायत चुनाव में सबसे चर्चित चेहरा: पत्रकार एवं समाजसेवी शहजाद मलिक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** जैसे-जैसे ग्राम पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ग्रामीण अंचलों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हर गांव में संभावित उम्मीदवार तैयारी में जुटे हैं, लेकिन ग्राम कमालपुर खाईखेडी ग्राम पंचायत में पत्रकार एवं समाजसेवी शहजाद मलिक सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभर कर सामने आए हैं। ग्रामीणों में उनके नाम को लेकर उत्साह और चर्चा दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। शहजाद मलिक ने लंबे समय तक स्थानीय और क्षेत्रीय समस्याओं को पत्रकारिता के माध्यम से उठाया। गांव की टूटी सड़कें हों, पेयजल संकट हो, युवाओं की बेरोजगारी हो या महिलाओं की सुरक्षा उन्होंने हर मुद्दे को निडरता से उजागर किया। उनकी यह छवि बनी कि वे गांव के विकास और जनता की आवाजह्व हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि शहजाद मलिक ने पिछले वर्षों में कई ऐसे काम किए हैं जिनका सीधा फायदा गांव को मिला यदि वह ग्राम प्रधान बने तो गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता करेंगे स्कूलों में पुस्तक व यूनिफॉर्म की व्यवस्था करेगे युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करायेंग पंचायत क्षेत्र में सफाई अभियान, नालियों की मरम्मत, पेयजल की नई लाइन का कार्य करायेंगे विधवाओं, वृद्धों व असहाय परिवारों को मदद करेगें।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 व पोषण माह के अंतर्गत कन्याओं का पूजन का कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत की अध्यक्षता में कौर मिशन शक्ति 5.0 व पोषण माह के अंतर्गत के विकास भवन प्रांगण में 101 कन्याओं का कन्यापूजन का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मो. पुर देवमल, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी व आईसीडीएस विभाग के अन्य कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा समस्त कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन करते हुए भोजन कराया गया तथा उन्हें पाठ् ?य सामग्री उपहार में देते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा और संरक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कन्यापूजन का यह कार्यक्रम आईसीडीएस विभाग द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्ड मुख्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रभारी मंत्री ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से सम्बन्धित जन-जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत मा0 सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से सम्बन्धित जन-जागरूकता रथ को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने मा. मंत्री को महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि यह जन-जागरूकता रथ रामपुर शहर से होते हुए विकास खण्ड चमरौआ, शाहाबाद, बिलासपुर, मिलक, सैदनगर में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करेगा। इसके अतिरिक्त योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ई-रिक्शा के माध्यम से भी रामपुर शहर के समस्त रास्तों से होते हुए पूरे शहर में महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पम्पलेट आदि का वितरण कराया जायेगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री हरीश गंगवार एवं अन्य मौजूद रहे

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर।** भगवन्त पब्लिक स्कूल नूरपुर रोड चांदपुर में दशहरा उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एम.के राय व उपप्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दशहरा उत्सव में नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने श्री रामलीला का मंचन कर रामायण के मुख्य-मुख्य दृश्यों को बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया व अपने गीत और नाटिकाओ से श्री राम के चरित्र का वर्णन किया ।

प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने सभी को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए श्री राम के चरित्र और अपने अंदर से बुराई रुपी रावण को मिटाने का संकल्प लेने की बात कही। वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार ने भी श्री राम के चरित्र के अनुसार आचरण करने और दशहरा उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व होने की बात कही। भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनिल सिंह ने व वाइस चेयरपर्सन डॉ आशा सिंह ने सभी को दशहरा पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में राम सेना के रूप में विद्यार्थियों ने बुराई के प्रतीक रूप में रावण का दहन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहा कुमारी, रश्मि, अनामिका चौहान आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार, उप वरिष्ठ समन्वयक हृदयेश शर्मा, अश्वनी कुमार, गौरव कुमार, प्रतिभा ठाकुर, विनीत कुमार, असना जैदी, प्रियांशी चौधरी, दिव्या राज, प्रिन्स कुमार, तनिष्का, नाहिद आदि अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# महिलाओं को जागरुक कर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मुजाहिदपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा अवस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान इत्यादि से अवगत कराया गया तथा इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनकी सुरक्षा के सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि छेड़छाड़ उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराये। आपका नाम पते को गोपनीय रखा जाएगा कार्यक्रम में थाना नूरपुर की मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारी गण शामिल रहे। अभियान के दौरान महिला छात्राओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी गई। छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, ऑनलाइन फ्रॉड फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें साइबर धामकी या उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 180 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला व नवगत शिशु एंबुलेंस सेवा, 108 सामान्य एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्नि सामान सेवा, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद बिजनौर पुलिस का प्रयास है कि इस प्रकार के जन जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज में महिला सुरक्षा आत्मबल और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया जाये। इस मौके पर उप निरीक्षक वर्षा यादव, हेड कांस्टेबल राजू सागर, महिला कांस्टेबल शिखा चौधरी, ममता आदि मौजूद रहे

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया दवा का वितरण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगने वाले स्वास्थ्य शिविर का उद्घघाटन एक भव्य समारोह में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान मण्डल अध्यक्ष अंजलि मित्तल ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक विशाल दिवाकर, डॉक्टर आशीष अहलावत, डॉक्टर माज, डॉ विशाल, डॉक्टर मीनाक्षी रस्तोगी, डॉक्टर विशेष सिंह, फार्मासिस्ट प्यारेलाल, फार्मासिस्ट मगन रावत, फार्मासिस्ट अभय चौहान, फार्मासिस्ट अनमोल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। क्षेत्रिय मंत्री अनूप वाल्मीकि प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सरकार देश के गरीब और असहाय लोगों को समर्पित है। सरकार देश के हर वर्ग का ध्यान रख रही है ये स्वास्थ्य शिविर जनता के प्रति सरकार की मंशा को दशार्ता है। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे जनपद में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिवरों का आयोजन किया जा रहा है इन शिवरों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड व पुष्टाहार का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 1252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण का दवा का वितरण किया गया। शिविर की समाप्ति पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना के अधीक्षक विशाल दिवाकर ने स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में सभी अतिथि डॉक्टरो तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डाक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, नीरज बिश्नोई, सचिन शर्मा, सोहन सैनी, कृष्ण बल्देव सिंह, गर्वित चौधरी, जितेंद्र राठी, अरुण शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, अतुल भारती, शिवा मिगलानी, आदि राठौर, लवी मित्तल, दिनेश चौधरी, सरदार हरमीत, तिलक मुठरेजा, ओमपाल, सभासद बृजमोहन विश्नोई आदि सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चौधरी भूपेंद्र सिंह हुडा नेता प्रतिपक्ष और राव नरेन्द्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक नरेश सेलवाल ने लड्डू बाँटकर मनाई खुशी

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा कांग्रेस में बड़े फेरबदल की घोषणा के बाद पूरे प्रदेशभर में खुशी की लहर दौड़ गई है। चौधरी भूपेंद्र सिंह हुडा को नेता प्रतिपक्ष और राव नरेन्द्र सिंह को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर उकलाना विधायक नरेश सेलवाल ने अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ मिलकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर लड्डू बाँटे गए और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। वातावरण पूरी तरह से उत्साह और उमंग से भरा हुआ था। कार्यकताओं ने नारेबाजी कर चौ. भूपेंद्र सिंह हुडा और राव नरेन्द्र सिंह को बधाई दी तथा कांग्रेस पार्टी के उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सही समय पर सही निर्णय लेकर संगठन को नई ऊर्जा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुडा का अनुभव और नेतृत्व प्रदेश की जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा, वहीं राव नरेन्द्र सिंह का संगठनात्मक कौशल कार्यकताओं को एकजुट कर कांग्रेस को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। सेलवाल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरेगी और हरियाणा में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और किसान-मजदूरों की समस्याओं से त्रस्त है, ऐसे में कांग्रेस ही वह विकल्प है जो जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हुडा और राव नरेन्द्र सिंह की जोड़ी हरियाणा कांग्रेस को नई दिशा और नई ताकत देगी। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी को पार्टी की मजबूती और जनहित की लड़ाई में मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विकी पूनिया युवा कांग्रेस हलका अध्यक्ष उकलाना, जिला महासचिव बांदर लितानी, पूर्व हलका अध्यक्ष नरेंद्र कुंडू, राजेश पनिहारी, ब्लॉक प्रधान आशीष सिल्ला, विजेंद्र सिंह भैणी बादशाहपुर, रमेश गर्ग भैणी बादशाहपुर, रामेश्वर जांगड़ा खेदड़, हवा सिंह नैन हसनगढ़, राजेश सरसाना, अमरपाल प्रभुवाला, दर्शन सोढ़ी, मनमोहन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग 2 अक्टूबर फतेहाबाद बंद में पहुंचेंगे



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** सरकार व अधिकारियों की गुंडागर्दी के खिलाफ 2 अक्टूबर दशहरे वाले दिन हंस मार्केट में व्यापारी सुबह 9 बजे इकट्ठा होकर 11 बजे तक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुए व्यापारियों को उजाड़ने वाली सरकार एवं अधिकारियों का पुतला दहन जवाहर चौक में किया जाएगा। ऐसा पहली बारी देखने को मिला है कि त्यौहार व दशहरे वाले दिन लोग रावण की जगह सरकार का पुतला दहन करेंगे। क्योंकि एक तरफ सरकार जीएसटी के लाभों के लिए दुकानदारों व्यापारियों का समर्थन हासिल कर रही है दूसरी तरफ व्यापारी सरकार के पुतले जला रहे है।

# भारत विकास परिषद द्वारा गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**डिबाई।** गुरु का शिष्य को दिया गया हर गुरुमंत्र ऊर्जा का भंडार होता है जो जीवन पर्यंत शिष्य को प्रेरणा प्रदान करता है। भारत विकास परिषद डिबाई के गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में उक्त विचार इंटरमीडिएट कॉलेज तलवार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने व्यक्त किये। इस सत्र में गुरुवंदन छात्र अभिनंदन का भाविप डिबाई का यह द्वितीय कार्यक्रम है जिसके माध्यम से डिबाई द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य रानी भारद्वाज को शिक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र और शिक्षक गौरव सम्मान का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में वरिष्ठ वर्ग से शिवम कुमार कक्षा 10, ओजस वर्मा कक्षा 10, नागेंद्र कक्षा 10 और यश कश्यप कक्षा 12 हैं तो वहीं कनिष्ठ वर्ग से शिवम कुमार कक्षा 6, हेमंत राजपूत कक्षा 8 और शिखा कश्यप कक्षा 8 को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद से सचिव विजय कुमार राय कोषाध्यक्ष, नौरंगी लाल, मार्गदर्शक मंडल सदस्य अनिल कुमार सिंह सहित प्रांतीय कार्यकारिणी से गिरीश कुमार गुप्ता और पी पी सिंह की उपस्थिति रही।

# त्योहारों पर पटाखों की बिक्री-भंडारण को लेकर डीआईजी मेरठ के सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ(जाकिर तुर्क)**विजयदशमी और दीपावली को देखते मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने पटाखों के निर्माण, भंडारण व बिक्री को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध भंडारण, परिवहन या लापरवाही से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है, जिसे रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन सतर्क रहें ।डीआईजी कला निधि नैथानी ने सभी जिलों को आदेश दिया है कि विस्फोटक नियमावली 2008 का सख्ती से पालन हो। थाना स्तर पर व्यापारियों के साथ गोष्ठियां कर नियमों से अवगत कराया जाए। आबादी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण न हो और न ही लाइसेंस सीमा से अधिक मात्रा रखी जाए।

उन्होंने अवैध निर्माण/संग्रहण करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने को कहा। परिवहन भी केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, संदिग्ध स्थानों पर डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते की मदद ली जाएगी। त्योहारों के दौरान आगजनी से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड को अलर्ट रहने, उपकरणों को दुरुस्त रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायर टेंडर तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं ।डीआईजी ने थाना प्रभारियों को क्षेत्र के स्वयंसेवी संगठनों व सम्भ्रांत व्यक्तियों से संवाद बनाए रखने और अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। पुलिस-प्रशासन की तैयारी का मकसद है कि लोग त्योहारों की खुशियां सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से मना सकें।

# कक्षा 11 की छात्रा मनु बनीं एक दिन के लिए प्रधानाचार्य



**वेलकम इंडिया**

ऊंचागांव जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा 12वीं की छात्रा मनु को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। खुशी ने प्रशासनिक निर्देश दिए और स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया अमरगढ़ जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कक्षा 12वीं की छात्रा मनु को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य पद पर आसीन किया गया पद पर आसीन होते ही छात्रा मनु ने अनेक प्रशासनिक निर्देश दिए। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शिक्षिका लक्ष्मी रानी ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक किया। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने छात्राओं को बताया कि नारी शक्ति का स्वरूप है छात्रा मनु ने विद्यालय के सभी कर्मचारियों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये एक दिन के प्रधानाचार्य मनु ने विद्यालय के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया प्रधानाचार्य ने दो आदेश भी जारी किये कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी उपप्रधानाचार्य रणधीर सिंह राजेंद्र सिंह ओम प्रकाश शर्मा प्रसाद प्रसाद मनवीर सिंह अंकुर कुमार कृष्ण बिहारी त्रिपाठी विनय चंद्र नरेंद्र वर्मा लक्ष्मी राकेश कुमार विद्यालय के बाबू भीम प्रकाश संदीप कुमार राकेश कुमार राणा अनिल अमित अजय अमन ओम प्रकाश सिंह हरेंद्र आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाजपा की बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर जोर



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी एवं अनुराग शर्मा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने की ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार आत्मनिर्भरता पर बल देते रहे हैं ।गो वोकल फॉर लोकल का संदेश पूरे देश में गूंज रहा है और इसे नीति एवं आर्थिक क्षेत्र में प्रमुखता से अपनाया जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्वदेशी जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने की अपील की गई है। वहीं, दीपावली पर विदेशी सामानों के स्थान पर स्वदेशी लाइटिंग व सजावटी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा ।बैठक में डॉ. रामकुमार शर्मा, राजीव शर्मा, नगर उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर, नगर महामंत्री अशोक चौहान, दीपक गुप्ता, सादिक जंग, रविंद्र कश्यप, देवी चंद बिरला, कृष्णपाल चौहान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएचसी पर टीबी मरीजों को पोषक आहार वितरित



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी भारत सरकार के क्षय रोगियों हेतु पोषण आहार वितरण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वयंसेवी संस्था अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से टीबी रोगियों को पोषक आहार की किट वितरित की गई ।संस्था के निदेशक अकरम अख्तर के नेतृत्व में कुल 25 पंजीकृत टीबी मरीजों को पाँच किलो की एक-एक किट दी गई।

इस अवसर पर निदेशक अकरम अख्तर ने रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि नियमित रूप से दवा लेना, समय पर भोजन करना और नशे से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या हो तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेना चाहिए। कार्यक्रम में राहुल कुमार, यासमीन, बिलाल अहमद, रूपक कुमार, आयशा सहित डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

# ट्रैक्टर ट्राली में डीसीएम चालक ने मारी टक्कर, एक घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव पंजखोरा में ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से डीसीएम सवार ने टक्कर मार दी। ।टक्कर लगने से ट्रैक्टर चालक किसान घायल हो गया। घायल किसान को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। टक्कर लगने के बाद चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी किसान जयप्रकाश मंगलवार को ट्रेक्टर लेकर शामली गया हुआ था।? किसान दोपहर बाद शामली से नई बुग्गी खरीदकर ट्रेक्टर में जोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। पीड़ित किसान जैसे ही दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर गांव पंजोखरा के बस स्टैंड पर पहुंचा, तो पीछे से आ रहे डीसीएम चालक ने बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रेक्टर ट्राली सड़क पर पलट गई, और चालक घायल हो गया। टक्कर लगने के बाद चालक डीसीएम सड़क किनारे साइड में खड़ा कर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस चालक को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बुग्गी को हटवाकर सड़क किनारे खड़ा करवाया। घायल किसान को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पीड़ित किसान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं ।चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर गंभीरा अवस्था में जिला अस्पताल रेपर कर दिया खबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई।

# काली मां की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली



**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर/** मां काली की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

आपको बता दें श्री भागीरथी आदर्श रामलीला कमेटी रामघाट के नेतृत्व में चल रही रामलीला के अंतर्गत मां काली की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ मुख्य अतिथि मोनू चौधरी बालू ठेकेदार ने काली मां की पूजा अर्चना कर आरती उतारकर फीता काटकर रामलीला मैदान से शुभारंभ किया रामलीला मैदान से शुरू होकर मैंन बाजार गंगा घाट प्राइवेट बस अड्डे से गुजरती हुई ननुआ जी धाम आश्रम से होते हुए गांव में भ्रमण करने के बाद रामलीला मैदान में पूजा अर्चना के साथ समापन किया गया शोभायात्रा का ग्रामीणों ने काली मां की शोभायात्रा का जगह-जगह रोक कर पूजा अर्चना कर आरती उतारी

इस मौके पर कमेटी प्रबंधक लोकेश केवट अध्यक्ष महेश पाठक लक्ष्मण शर्मा हिमांशु शर्मा अनुज मित्तल उपेंद्र गौड बहादुर रावल नितिन भारद्वाज शिवम भारद्वाज मोनू चौधरी सोनू चौधरी विपिन चौधरी हिमांशु चौधरी मोहित शर्मा मोनू तिवारी श्याम सुंदर शर्मा गोपाल शर्मा कन्ही लाल शर्मा शिव शंकर शर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम, एसपी ग्रामीण ने दिए महिला सुरक्षा के मंत्र

**वेलकम इंडिया फतेह खान**




**रुदौली -अयोध्या।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल रौजागांव में महिला सुरक्षा व जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान समाज की पहली जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग इस दिशा में सतत प्रयासरत है और हर स्तर पर मदद के लिए तैयार है। उन्होंने बच्चों को महिला हेल्प डेस्क, घरेलू हिंसा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1080 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा जैसी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनका महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि सीओ आशीष निगम ने साइबर अपराधों से बचाव और पुलिस की साइबर यूनिट की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की सलाह दी। विद्यालय के संस्थापक समाजसेवी डॉ. निहाल रजा ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लबच्चों को न केवल शिक्षा, बल्कि सुरक्षा और नैतिक मूल्यों की जानकारी देना आज के समय की जरूरत है। जागरूक बच्चे ही सशक्त समाज की नींव रखेंगे। कार्यक्रम में कोतवाल संजय मौर्य व क्राइम इंस्पेक्टर शत्रुघ्न यादव, एसआई दीपशिखा सिंह, स्तुति गुप्ता व महिला आरक्षी पुष्पा सागर ने आत्मरक्षा के गुर बताए और एंटी रोमियो स्क्वॉड की कार्यप्रणाली से परिचित कराया।

इस अवसर पर बच्चों ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर संदेश दिया कि शिक्षा और जागरूकता से ही महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण दहन किया गया। इस मौके पर चीफ एडवाइजर हुमा निहाल, प्रिंसिपल भावना मिश्रा, अध्यापक व बच्चे उपस्थित रहे। संचालन एलिजा जैदी ने किया।

# सीएचसी पर छात्रा बनी एक दिन की चिकित्सा अधीक्षक



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी जिलाधिकारी शामली एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पर मिशन शक्ति 5.0 एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत कक्षा 11 की छात्रा कुमारी अविका जावला को एक दिन का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया, जिन्होंने पदभार संभालते ही पंजिका का अवलोकन किया और इसके बाद टीबी के मरीजों को पोषण पोटली वितरित की, वहीं कार्यक्रम के उपरांत एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अमरीश, एसआई देवेंद्र सिंह, बीपीएम तोहिद, एचएस पवन जैन, एचएस राजकुमार, महिला हेड कांस्टेबल श्वेता, नीलम जावला समेत सभी एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झांसी ग्वालियर मार्ग पर भीषण जाम की ज्वलंत समस्या को प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई तथा सिटी मजिस्ट्रेट से समाधान निकालने हेतु चर्चा की

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने वर्तमान में झांसी के नागरिकों की झांसी ग्वालियर मार्ग पर भीषण जाम की ज्वलंत समस्या को प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई तथा सिटी मजिस्ट्रेट से समाधान निकालने हेतु चर्चा की। प्रोजेक्ट डायरेक्टर से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि झांसी ग्वालियर मार्ग अपने आप में झांसीवासियों के लिए बहुत अधिक महत्व रखता है क्योंकि ग्वालियर मार्ग झांसी को भारत की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ता है। इसके अलावा दतिया में पीताम्बरा माता मन्दिर के कारण झांसी वासियों के लिए एक अहम दर्जा रखता है और यह मार्ग एक जीवनदायक के रूप में अपना बहुत अधिक महत्व रखता है। जब कभी सड़क हादसों में कोई बहुत अधिक घायल अवस्था में अस्पताल या मेडिकल कालेज झांसी में पहुँचता है और चिकित्सक जब उचित समझते हैं तो घायल को ग्वालियर रिफर कर देते हैं। तब उस घायल के लिए हर पल की कीमत से उसके जीवन से जुड़ी हुयी होती है। घण्टों तक एम्बूलेंस जाम में फंस जाती है तो जीवन पर संकट छा जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण बेहद लापरवाही और नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है । पाल कालोनी और उसके आस-पास रहने वाले और आस-पास के व्यापारियों के लिए यह मार्ग निर्माण मुसीबत बन गया है। वैकल्पिक मार्ग मानक विहिन बनाया गया है जिसके कारण जहां सूखा है वहां धूल के गुबार उठ रहे हैं और जहां पानी भरा हुआ है वहां कीचड़ ही कीचड़ है। फलस्वरूप पाल कालोनी से निकलने में जान जोखिम में डालने जैसा लगता है। वाहन कीचड़ में धस जाते हैं और फंस जाते हैं। जिन्हें कीचड़ ये बाहर निकालने में बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पडता है। कुछ समय से मार्ग पर लम्बे लम्बे जाम देखने को मिल रहे हैं। हजारों की तादाद में बाहर जाम में लम्बे लम्बे समय तक फंस रहे हैं और दुर्धटनाएं हो रही हैं। घण्टों घण्टों जाम में फंसे लोगों को न पीने का पानी मिलता है और न ही कुछ खाने को मिलता है। अन्दाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में जाम में फंसे व्यक्ति की क्या हालत होती होगी। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि एक सार्थक योजना बना कर इन समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर पहल किया जाना अपेक्षित है।

## मिशन शक्ति टीम ने अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

खुर्जा/शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम ने नाजायज चाकू के साथ एक व्यक्ति को चेकिन के दौरान किया गिरफ्तार।

आपको बता दें कि खुर्जा कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम क्षेत्र में गस्त चेकिंग कर रही थी कि उसी दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थिति में दिखाई दिया जब मिशन शक्ति टीम द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम रिजवान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला राम सिंह का बाड़ा खुर्जा बताया है। अवैध चाकू की बरामदगी आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली मिशन शक्ति टीम में थाना खुर्जा निरीक्षक राजेश कुमार उप निरीक्षक परमवीर सिंह महिला उप निरीक्षक प्रीति कुमारी हैंड कांस्टेबल रचित कुमार महिला कांस्टेबल राखी बंसल आदि शामिल रहे।

## डीएम व एसएसपी द्वारा शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** वर्तमान में शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर जनपद झाँसी में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति द्वारा भारी पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में स्थित प्रमुख कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत माँ काली प्रतिमा पण्डाल, आर्मी कैण्ट स्थित रावण दहन स्थल, थाना नवाबाद क्षेत्रान्तर्गत क्रॉफ्ट मेला रावण दहन स्थल तथा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत लक्ष्मीताल प्रतिमा विसर्जन स्थल पर अधिकारियों द्वारा पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों एवं आयोजनकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। भ्रमण के दौरान कार्यक्रम आयोजकों से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि सभी कार्यक्रम शान्तिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराए जाएँ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री लक्ष्मीकान्त गौतम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राजकिशोर राय सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा!

## नारी सुरक्षा के लिए पुलिस हर क्षण तत्पर,साइबर क्राइम एवं सुरक्षा की दी जानकारी



**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के महदेवा बाजार, धौरी कुईया गांव और शहर के रेलवे स्टेशन एवं बस डिपो पर मिशन शाक्ति के तहत सिद्धार्थनगर पुलिस ने मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूक अभियान चलाया। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सिद्धार्थनगर थाना पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सिद्धार्थनगर के एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदर थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव और शहर के रेलवे स्टेशन बस डिपो पर साइबर सुरक्षा चौपाल लगाई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंनेलाल, कांस्टेबल शुभम रावत महिला हेड कांस्टेबल संगीता सिंह, महिला आरक्षी अन्नप्रिया वर्मा और महिला आरक्षी अनिशा सरोज शामिल रही।

मिशन शक्ति फेज पांच के बारे में उपनिरीक्षक पंनेलाल ने बताया कि गांव, शहर, सड़क या स्कूल कहीं भी महिलाओं व छात्राओं को डरने की जरूरत नहीं है। किसी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत 112, 1090 या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, 102, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। नारी शाक्ति नारी सुरक्षा कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहित गांव की तमाम महिलाएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राम नवमी पर किडजी एवं जेड बी स्कूल में भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



मेरठ (जाकिर तुर्क)राम नवमी के अवसर पर कस्बा शाहजहांपुर स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत रामायण के विभिन्न पात्रों की झांकियां और मंचन प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।राम दरबार, रावण वध और हनुमान जी की गदा जैसे प्रसंगों को बच्चों ने इतनी जीवंतता से प्रस्तुत किया कि पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। मंचन में कबीर खान ने भगवान श्रीराम, हैदर ने लक्ष्मण, नताशा ने सीता, ऋतिक ने हनुमान, अमन ने रावण, प्रिया ने रानी कैकेयी, हानिया खानम ने रानी कौशल्या, आयरा ने रानी सुभद्रा, कसीम ने राजा दशरथ और आमना ने जटायु की भूमिका निभाकर सभी का मन जीता।शिक्षिकाओं ने राम नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्रबंधन से शोएब खान ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति आस्था को मजबूत बनाते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, कोऑर्डिनेटर निलोफर खान, दीपशिखा, पूनम शर्मा, इकरा अब्बासी, सुम्बुल खान, कौसर जहाँ और हिफ़्जा का विशेष योगदान रहा। समापन पर बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया।

## लीलापुर पुलिस ने नशा बेचने वालो मे से एक को तैतीस लाख के स्मैक व एम डी ड्रग के साथ पकडा



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** ड्रग स्मैक गाजा अफीम के विरुद्ध प्रतापगढ़ पुलिस की लगातार कार्यवाही और सफलता के क्रम मे आज जनपद की लीलापुर थाना पुलिस बडी सफलता हासिल करते हुए लाखो के नशे के साथ एक युवक को पकडा तथा एक नशे के सौदागर जो फरार हो गया उसकी सरगर्मी से तलाश मे जुटी है । प्रतापगढ जनपद की पुलिस ने स्थानान्तरित हो चुके पुलिस कप्तान डा अनिल कुमार के समय से नशे के सौदागरो के खिलाफ बडी कार्यवाही की शुरूआत की थी । उसी कडी को नवागत पुलिस कप्तान दीपक भूकर के निर्देशन मे जनपद पुलिस ने बनाए रखते हुए लगातार कार्यवाहियो मे सफलता हासिल कर रही है । इसी क्रम मे लीलापुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पतुलकी तिराहा के पास से राजेश उर्फ रोहित सिंह निवासी रायबरेली को किया गिरफ्तार जबकि उसका साथी अनिल सिह जो प्रतापगढ़ के ही अन्तू थाने का निवासी है फरार हो गया । गिरफ्तार राजेश सिह के कब्जे से 116 ग्राम स्मैक व 25 ग्रामब एमडी किया बरामद। बरामदगी की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 33 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने नशा के शौदागर से मोटरसाइकिल व चार की-पैड मोबाइल भी बरामद किया है । यह गिरफ्तारी लीलापुर थाने के पतुलकी तिराहे के पास से हुई ।इस नशे के सौदागर को लीलापुर थाने के हवलदार महेश सिह ने अपने कान्सटेबल साथी ब्रजेश सिह और आनन्द यादव के साहसिक निर्णय से गिरफ्तार करने मे कामयाबी पायी? नशे के सौदागर की गिरफ्तारी पर मातहतो की हौसला अफजाई करते हुए एसपी दीपक भूकर ने कहा कि नशे का कारोबार समाज को खोखला कर रहा है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

## मिशन शक्ति के तहत डीआईजी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जागरूक



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती संजीव त्यागी ने बांसी क्षेत्र के रामविलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड साइंसेस के छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने छात्राओं व महिलाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए जिले की पुलिस की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 1076 आदि के संबंध में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति फेज-5 का पंपलेट देकर जागरूक किया। इसके बाद डीआईजी ने थाना कोतवाली बांसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात गृह, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, आगंतुक कक्ष, मालगृह, थाना परिसर, आवासीय परिसर आदि देखा। उन्होंने किसी भी तरह के आपराधिक घटना में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद, एएसपी व सीओ सदर विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी व एन्टीरोमियों प्रभारी, महिला थाना उपस्थित रहे।

## 5 काली दास मार्ग पर आयोजित 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा बने शुभम गुप्ता

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**लखनऊः**सोमवार की देर रात्रि लखनऊ 5- कालीदास मार्ग पर 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में माल कस्बे के शुभम्‌-गुप्ता ने भी हिस्सा लिया।

आपको बता दें कि,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री के ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व अभियान का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित एकता की भावना को सशक्त करने का अवसर भी है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए शुभम्‌गुप्ता ने बताया कि,यह पूरा कार्यक्रम 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जो पहली अक्तूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में युवाओं का स्वागत व अभिनंदन करते हुए अपील की कि आप सब देश की एकता और अखंडता के लिए अपने को तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने मेहमान युवाओं को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पीएम के पंच प्रण की चर्चा की और कहा कि यह विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे।

## मुर्गी लदी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी,युवक की मौत



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सोहांस मार्ग मंगलवार सुबह एक मुर्गी लदी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में इजहार ( 17 ) की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि चालक को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर 14 सुखराजपुर निवासी इजहार ( 17 ) पुत्र मोहम्मद इब्राहिम एक पिकअप चालक के साथ मुर्गी ढोने का काम करता था। मंगलवार को वह पिकअप पर सवार होकर जा रहा था। इसी बीच सोहांस मार्ग पर मोड़ पर पिकअप नियंत्रित होकर के पलट गया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत सीएचसी पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा रहे।

शिविर कार्यक्रम का विधायक विनय वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया एवं महिला डॉक्टरों से स्वास्थ्य संरक्षण का जायजा लिया। शिविर में आई गर्भवतियों की गोद भराई एवं शिशु बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं से कहा कि सीएचसी पर प्रसव की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षित व निशुल्क प्रसव सीएचसी पर ही कराएं।विधायक विनय वर्मा नै कहा महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, जागरूकता और परिवार की मजबूती के लिए उन्हें सशक्त बनाना है।अधीक्षक डॉ. एके आजाद ने कहा कि रोगी बेहिचक होकर सीएचसी व पीएचसी पर जाकर अपना बेहतर उपचार निशुल्क कराएं।

उन्होंने आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भवतियों को सीएचसी पर भेजने का कार्य करें। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके भारती, डॉ. अर्जुन यादव, डॉ. राकेश मौर्या, सुरेंद्र पाल, मालजी शर्मा, सतीश कुमार, राजकमल त्रिपाठी, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत डीआईजी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जागरूक

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती संजीव त्यागी ने बांसी क्षेत्र के रामविलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड साइंसेस के छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने छात्राओं व महिलाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए जिले की पुलिस की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 1076 आदि के संबंध में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति फेज-5 का पंपलेट देकर जागरूक किया।

## कंप्यूटर के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** आयुर्वेद विभाग के तत्वाधान में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की कंप्यूटर के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। प्रशिक्षण में चिकित्साधिकारियों को कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, डिजिटल कार्यों एवं रिपोर्टिंग की जानकारी दी।

नदीगांव में आयोजित सीसीसी प्रशिक्षण का समापन करते हुए जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा कोहली ने चिकित्साधिकारियों से कहा कि वे प्रशिक्षण का लाभ लें तथा इस दौरान सीखे तौर तरीकों को कार्यशैली में अपनाएं। उन्होंने कहा कि आधुनिक डिजिटल समय पर सभी को कंप्यूटर से संबंधित समस्त कार्यों की जानकारी होना आवश्यक है,ट्रेनिंग से विभागीय कार्यों को संपादन करने में भी बहुत लाभ होगा। उन्होंने प्रशिक्षक कैलाश कांडपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डा एंजल पटेल समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्साधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई समपन्न

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। यातायात नियमों का अनुपालन कराने तथा आम-जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति अधिकाधिक जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी विद्यालय प्रबंधक अपने वाहन चालकों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों की समय-समय पर जांच



करें और यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में अवशेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं को कम किये जाने हेतु आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सघन अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का पालन न करने वालों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित एनएचआई के अधिकारियों / कर्मचारियों को लोक निमार्ण विभाग द्वारा चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों / ब्लैकस्पॉट्स स्थलों के आधार पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों /ब्लैकस्पॉट्स स्थलों पर दुर्घटनाओं को कम किये जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने अनाधिकृत, ओवरलोडिंग, अनफिट एवं अवैध वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के सख़्त निर्देश दिए। जिलाधिकरी ने सभी से अनुरोध किया की तेज गति से वाहन न चलाए, सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, शराब पीकर गाड़ी न चलाए, 2 पहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं तथा गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात न करें। सड़क दुर्घटना के दौरान आपातकालीन सेवा के लिए एन0एच0ए0आई0 के हेल्प लाइन नंबर 1033 तथा एम्बूलेंस हेतु 108 पर सूचना / सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# वृंदावन धाम में गूँजेगा शिव नाम 31 अक्टूबर से पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ

वेलकम इंडिया

वृंदावन में होगा भव्य आयोजन झ पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ 31 अक्टूबर से कार्तिक मास के पावन पर्व पर वृंदावन धाम एक भव्य धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। फोगला आश्रम, वृंदावन में 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभ आयोजन किया जाएगा। यह महायज्ञ गृहस्थ संत पूज्य पं. श्री देव प्रभाकर शास्त्री ₹दद्दा जी₹ की कृपा और पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा। इस अनुष्ठान में पूरे भारतवर्ष से दद्दा जी के शिष्य मंडल व श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय महायज्ञ में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनका रुद्राभिषेक किया जाएगा। धार्मिक वातावरण में भक्तगण अध्यात्म, साधना और भक्ति का दिव्य अनुभव करेंगे। विदित हो कि कार्तिक मास धर्म-कर्म और साधना का सर्वोत्तम काल माना जाता है और इस अवसर पर आयोजित यह महायज्ञ श्रद्धालुओं के लिए आस्था व आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा।




# काशी सांसद पेंटिंग प्रतियोगिता के तहत बच्चों ने बनाया पेंटिंग




वेलकम इंडिया

**कछवांरोड।** प्रतापपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित यशपाल सिंह आईवी लीग स्कूल में मंगलवार को काशी सांसद पेटिंग प्रतियोगिता के तहत छोटे बच्चों द्वारा रंग बिरंगा पेटिंग बनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा वाराणसी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विनीता सिंह ने मां सरस्वती के समझ माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर की।जिलाध्यक्ष विनीता सिंह ने कहां की बच्चों के अंदर छोटे पन से ही पेटिंग की बनाने का शौक रहता है प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे सांसद पेटिंग प्रतियोगिता में बच्चों के अंदर छिपे कला को देखने का अवसर मिल रहा है।इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा सविता सिंह, प्रिंसिपल सुनीता, मंडल अध्यक्ष रेखा, मधु, अनिता सिंह, ममता शर्मा, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोवर्धन में अहोई अष्टमी मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** आगामी अहोई अष्टमी मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में गोवर्धन स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी ग्रामीण सुरेश सिंह रावत ने की। इस दौरान एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, एसडीएम गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में राधाकुंड में आयोजित होने वाले राधाष्टमी मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को मेले के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल और विद्युत आपूर्ति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। एसपी ग्रामीण सुरेश सिंह रावत ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने नगर पंचायत व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मेले के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सीओ अनिल कुमार सिंह ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रूट प्लान तैयार करने और वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया।

प्रशासन ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और राधाष्टमी मेले को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



वेलकम इंडिया

**कछवांरोड।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खोचवा (रूपापुर) गांव स्थित बसमत्ती देवी संकठा प्रसाद महिला पीजी कालेज में मंगलवार को एंटी रोमियो व मिशन शक्ति फेज 5 के तहत छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित जरूरी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 181, 1930, 1076, 1098, 102, 108 समेत अन्य नंबर की जानकारी देकर जागरूक किया गया।इस दौरान महिला एसआई अनुजा गोस्वामी ने छात्राओं से कहां की अगर कालेज आते जाते समय रास्ते में किसी मनचलों द्वारा रोका जा रहा है या कमेंट किया जा रहा है तो बिना डरे इसकी सूचना तत्काल थानों पर दे जिससे पुलिस द्वारा ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई किया जा सके।मोबाइल पर अगर कोई मैसेज भेजकर ब्लैक मेल करता है या अश्लील चीजे भेजता है तो इसकी भी सूचना दे ऑनलाइन शिकायत दर्ज जरूर करवाएं।इसी के साथ प्रमुख योजना रानी लक्ष्मीबाई योजना, मातृ वंदना के बारे में भी छात्राओं को बताकर पुलिस द्वारा जागरूक किया गया।

# मॉडलिंग अनुभव ही है सफलता की कुंजी: मिसेज एशिया विजयता सचदेवा, वाराणसी

वेलकम इंडिया

**वाराणसी:** वाराणसी की ग्लैमरस और प्रेरणादायक व्यक्तित्व मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने हाल ही में मॉडलिंग करियर और उसके अनुभवों को लेकर खुलकर बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस क्षेत्र में केवल रूप-सौंदर्य ही नहीं, बल्कि अनुभव और आत्मविश्वास ही सफलता की असली पहचान तय करते हैं। विजयता सचदेवा ने अपने शुरूआती दिनों के संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि मॉडलिंग की दुनिया में प्रवेश करना आसान नहीं होता। हर रैंप शो, हर फोटोशूट और हर इवेंट ने उन्हें न केवल पेशेवर कौशल सिखाया, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तिगत विकास का अवसर भी



दिया। उनका कहना है कि ह्लअनुभव ही वह तत्व है जो आपको भीड़ में अलग पहचान दिलाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मॉडलिंग में केवल सौंदर्य या लुक मायने नहीं रखते। मेहनत, धैर्य और सीखने की प्रक्रिया से ही आप अपने करियर में ऊँचाइयों तक पहुँच सकते हैं। अनुभव का सही इस्तेमाल आपको न केवल पेशेवर बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी मजबूत बनाता है। मिसेज विजयता सचदेवा का मानना है कि नए प्रतिभागियों को हमेशा सीखते रहने की आदत अपनानी चाहिए। हर अनुभव चाहे छोटा या बड़ा हो, वह भविष्य की सफलता की नींव रखता है। विजयता ने बताया कि उनके रैंप और फोटोशूट के अनुभवों ने उन्हें आत्मविश्वासी, प्रोफेशनल और इंडस्ट्री में टिकाऊ बनने में मदद की। उन्होंने सभी युवा मॉडल्स को यही सलाह दी कि ह्लधैर्य और अनुभव से ही आप असली सफलता हासिल कर सकते हैं। वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा की यह कहानी साबित करती है कि मॉडलिंग में असली पहचान केवल सौंदर्य से नहीं, बल्कि अनुभव, मेहनत और आत्मविश्वास से बनती है।

# जिला जज, डीएम और एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला जज विकास कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के संख्या की जानकारी ली। भोजनालय, चिकित्सालय, बन्दी गृह आदि को चैक किया, किचन का निरीक्षण किया, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने के निर्देश दिए तथा किचन में बन रहे खाने का अवलोकन किया। उन्होंने जिला कारागार में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महिला बंदी बैरक का भी निरीक्षण किया तथा सभी से समस्याऐं पूछी एवं अधिकारीयों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बंदियों से



बीमारी, शिक्षा, बच्चों संबंधी जानकारी ली व बच्चों को चॉकलेट, चिप्स, बिस्कुट, फ्रूटी आदि का वितरण किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के पश्चात जिला जज विकास कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुरेंद्र कुमार ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से अपने आप में सुधार करने के लिए आग्रह किया और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बच्चों से वार्ता की। राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में उपस्थित बच्चों को नवरात्री के शुभ अवसर के दृष्टिगत फल वितरण किया गया।

# कल्याणं करोती की छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा मार्ग स्थित कल्याणं करोती नेत्र हॉस्पिटल/कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। एंटी रोमियो प्रभारी महिला एसआई विनय बौद्ध ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, यूपी-112, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, शक्ति दीदी योजना, एवं आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा बाल श्रम उन्मूलन और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया।

# आगरा में होगा स्वर्णकार समाज का सामूहिक विवाह समारोह ,निमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसियेशन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी

स्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 8 दिसम्बर को आगरा स्थित श्रीकृष्णा गार्डन, सौ फुटा रोड, कालिन्दी बिहार पर किया जा रहा है। इस आयोजन का प्रथम निमंत्रण कार्ड श्री गिरिराज महाराज जी और मंशा देवी के चरणों में अर्पित कर उसका गोवर्धन में लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष छगनलाल वर्मा , राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव मनसुखलाल सोनी , राष्ट्रीय प्रभारी



उमेश सोनी ,उपाध्याय अनिल सोनी ,विशाल सोनी , कुलदीप सोनी , नगर अध्यक्ष गोवर्धन गोपेश कुमार सोनी , राकेश पंडित , पूरन पंडित आदि उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वर्मा ने बताया कि विवाह समारोह में परिचय सम्मेलन में बने जोड़ों के व जो भी अपने जोड़े बना के रजिस्ट्रेशन कराएंगे उनकी शादियां कराई जाएंगी। श्री वर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के जरूरत मंद परिवार भी अपने बेटे-बेटियों के विवाह धूमधाम से कर सकते हैं। वर्मा ने बताया कि जिन बंधुओं के विवाह के लिए जोड़े बन जाएं वो शादी के लिए अपने रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय कार्यालय 6/265 सरार्फा बाजार, पथवारी, बेलनगंज आगरा पर करा सकते हैं।

# ढोल-नगाडों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया मैरिज होम का फीटा काटकर शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** गोवर्धन विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्हू में ढोल नगाड़ों के बीच मैरिज होम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने फीता काटकर मैरिज होम का शुभारंभ किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा यहां मैरिज होम के बनने से मल्हू गांव सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के रहिवासियों को विभिन्न समारोह आयोजित करने में सहूलियत होगी। कई वर्षों से विवाह समारोह के आयोजनों के दौरान ग्रामीणों को गोवर्धन सहित शहर भागना पड़ता था,



अब उन्हें यह सुविधा अपने ही गांव में मिलेगी। मैरिज होम के संचालक का कहना है कि विवाह समारोह के साथ-साथ यहां बैठक, बर्थ-डे पार्टी सहित अन्य आयोजन के अनुरूप व्यवस्था की गई है। आगंतुकों के ठहरने तथा रहने की उत्तम व्यवस्था भी है। बहुत दिनों से उनकी सोच थी कि सामाजिक दायित्व को देखते हुए यहां इस प्रकार का एक भवन निर्माण कराया जाए जो अब जाकर पूरा हो सका है। जिसका श्रेय मैं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी को देता हूं। जिन्होंने ग्रामीण अंचलों में शहर जैसी हर सुविधा मुहैय्या कराने का बेड़ा उठा रखा है। इस दौरान मुख्य अतिथि का गणमान्य एवं सम्मानित लोगों ने पगड़ी बांधकर, माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सौंख ग्राम पंचायत सौंख पूर्व चेयरमैन भरत सिंह, बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के चेयरमैन सुरेश सिंह, ग्राम पंचायत मल्हू के ग्राम प्रधान सहित वेद प्रधान सींगापट्टी, नीरज एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# आर .के .जी ग्लोबल स्कूल ने मनाया गरबा संध्या उत्सव , बढ़ाया आपसी स्नेह और एकता का भाव

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)।** आर.के.जी ग्लोबल स्कूल, गाज़ियाबाद का परिसर कल संध्या को रंग-बिरंगे परिधानों, संगीतमय लहरों और उत्सव के उल्लास से झूम उठा, जब स्कूल ने अपने प्रांगण में एक भव्य गरबा संध्या का आयोजन किया।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन के गणमान्य सदस्यों, साथ ही आर.के.जी.आई.टी.एम और आर.के.जी.आईटी के संकाय सदस्यों को एक साथ जोड़कर स्नेह, सौहार्द और मिलन का सुंदर वातावरण रच दिया।स्कूल परिसर में हुई ।यह संध्या भक्ति, नृत्यऔर उल्लास से परिपूर्ण रही। कार्यक्रम की शुरूआत वाइस चेयरवुमन श्रीमती आंचल गोयल, विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह, डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार गोयल (आर.के.जी.आई.टी. एम.), डीन डॉ. मनोरमा शर्मा (आर.के. जी. आई. टी. एम.) , एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान (आर. के. जी. समूह) एवं समस्त आर.के.जी ग्लोबल स्टाफ द्वारा रिबन काटकर की गई। इसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन और आरती के साथ माँ दुर्गा का आशीर्वाद लिया गया, जिससे सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक नृत्य और उत्सव की खुशी साझा करते हुए पूरे विद्यालय समुदाय के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाना था।पारंपरिक परिधानों में सजे लोग जब गरबा की ताल पर थिरकते नजर आए, तो पूरा परिसर सांस्कृतिक गर्व और उल्लास से भर उठा। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संबंधों को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आर.के.जी.आई.टी.एम और आर.के.जी.आई.टी के शिक्षकों की उपस्थिति की सराहना की और कहा कि उनके आने से इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई।आरकेजी ग्लोबल स्कूल अपने समग्र विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक सहभागिता को भी समान रूप से महत्व देता है।

# मोदी कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशों के अनुपालन में स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छोत्सव 2025 प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने सभी छात्रों,शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।विद्यालय परिसर में छात्रों और शिक्षकों द्वारा 1 घंटे का श्रमदान भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस परिसर में आप पढ़ते हैं, जिस कक्ष में आप पढ़ते हैं, जिस परिवार में आप रहते हैं, जिस मोहल्ले में आप रहते हैं, वहां पर साफ सफाई करना आपका कर्तव्य है ।साफ सफाई स्वयं से शुरू करते हुए दूसरों को भी इन आदतों के लिए जागरूक करें।विद्यालय में स्वच्छता की आदतों पर छात्रों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्रों को 3 आर( रिड्यूस ,रीयूज, रीसाइकिल) सिद्धांतों का पालन करते हुए एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को रोकने तथा प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के बारे में जागरूक किया गया। सभी छात्रों से अपने-अपने परिवार के सदस्यों तथा समुदाय व नागरिकों के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा का प्रचार प्रसार करने के लिए भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर द्वितीय पाली के इंचार्ज धर्मवीर सिंह , तेजवीर सिंह ,तरुण कौशिक , राहुल त्यागी , इरशाद अली श्रीमती रेखा रानी ,ज्योति चौधरी नरेश प्रजापति ,श्रीमती चंचल श्रीमती ममता ,रितेश मौर्या अखिलेश मौर्या, डॉक्टर कामिनी, मधुकांत आनंद, सुधीर शर्मा सुनीता गर्ग,और द्वितीय पाली के अन्य सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# रानीगंज पुलिस का खुलासे मे वादी खुद ही निकला चोर



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़ ।**रानीगंज थानान्तर्गत एक युवक ने शादी मे लिए उधार पैसे वापस न दे पाने की स्थित मे खुद गहने और आभूषण को छिपा थाने मे तहरीर दे फ आई आर करा आया कि उसके गहने और आभूषणो को चोरो ने चुरा लिया है ।जिसका गहन जाच मे पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि वादी ने खुद अपने गहने छुपाये और झूठी फ आई आए चोरी की दर्ज करा दी।दिनांक 28.09.2025 को वादी पिन्टू यादव निवासी ग्राम कसेरुआ थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ के घर मे से अज्ञात चोरो ने वादी की पत्नी तथा भाभी के गहने चुरा ले गये ।जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 339/25 धारा 305/331(3) इठर बनाम अज्ञात चोर का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शहर में हुए बवाल की साजिश के आरोपी मौलाना तौकीर रजा खान के करीबियों पर भी जिला प्रशासन ने अब शिकंजा कस दिया है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने मंगलवार को शाहजहांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया। ये बरातघर शराफत का है, जो शहर के सूफीटोला का निवासी है और मौलाना तौकीर रजा खान का बेहद करीबी बताया जाता है। बीडीए की टीम मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ हमसफर बरातघर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। टीम ने नोटिस चस्पा किया है, जिसके मुताबिक अवैध तरीके से निर्माण करने पर यह कार्रवाई की गई है।शहर में मननानी मियां के दामाद मोहसिन रजा व उनके भाई को हिरासत ले लिया गया है।इनके घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी।इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया। मोहसिन ने कहा कि कोई मामला नहीं है।यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं।उन्होंने कहा कि तौकीर रजा से कोई वास्ता नहीं है।यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है।उन्होंने पहले उन पर गोकशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।मोहसिन के पिता ने कोर्ट से स्टे ऑर्डर दिखाया तो टीम रुकी।मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर बाउंड्रीवाल कर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर नगर निगम और प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई है।बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया है।

# जेएसके अजय दूबे व जेएसके इंदु दूबे द्वारा मेडिकल इक्विपमेंट व मेडिकल डिवाइस की प्रदर्शनी व जानकारी बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न की गयी



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** जेएसके अजय दूबे व जेएसके इंदु दूबे द्वारा 30 सितम्बर मंगलवार कों नवरात्रि के 8वे दिन 160 से ज्यादा वाराणसी शहर के विभिन्न क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति एडवांस मेडिकल इंजीनियरिंग,गांधी नगर कॉलोनी सिगरा के प्रांगण में मेडिकल इक्विपमेंट व मेडिकल डिवाइस की प्रदर्शनी व जानकारी बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न की गयी सारथी जेएसके संजय दूबे ने संस्था के सभी प्रतिष्ठित सदस्य का स्वागत किया व जेएसके के संस्थापक जेएसके संजीव अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्य का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आर के जी आई टी में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आर.के.जी.आई.टी.), गाज़ियाबाद में 29 सितंबर 2025 को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर एक ज्ञानवर्धक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कविंद्र सिंह, सीनियर मैनेजर, पेटेंट एंड ऑपरेशन, इनोबल आई पी, नोएडा ने अपने अनुभव साझा करते हुए आई.पी.आर., पेटेंट फाइलिंग एवं उसकी प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि अनुसंधान कार्य को पेटेंट कराना शोधकताओं और संस्थान दोनों के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. डी.के. चौहान (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर.के.जी.आई.टी.) द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ. विजय अग्रवाल और डॉ. मुनींद्र मोहन वार्ष्णेय (आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी) ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर) ने पेटेंट प्रोसेस और उससे जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार रखते हुए फैकल्टी को अपने शोध कार्य को पेटेंट कराने के लिए प्रोत्साहित किया।वहीं डॉ. डी.के. चौहान ने पेटेंट प्रक्रिया को सरल बनाने और संस्थागत स्तर पर सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. आर.के. यादव (डीन एकेडमिक्स), सभी डीन, हेड ऑफ डिपार्टमेंट्स और फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।समापन सत्र में अक्षत गोयल (वाइस चेयरमैन, आर.के.जी.आई.टी.), डॉ. बी.सी. शर्मा (डायरेक्टर), श्री एच.जी. गर्ग (चीफ प्रॉक्टर) तथा डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर) ने अपने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए और अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया। सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# पंचायतो की केंद्र वित्त किस्त रोके जाने से विकास कार्य ठप, आंदोलन की चेतावनी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि 24 दिसंबर 2024 को आई केंद्र वित्त की अंतिम किस्त के बाद आज तक एक भी किस्त पंचायत को नहीं मिली है। लगभग 10 माह बीत चुके हैं। और इस बीच ग्राम पंचायत के सारे विकास कार्य ठप पड़े है। ग्राम प्रधानों से जनता ने विकास का वादा सुनकर वोट दिया था।

लेकिन फंड न आने से ग्राम प्रधान गांव की जनता के सामने बेबस और अपमानित खड़े दिखाई देते हैं। गांव की जनता यह मान रही है ।कि ग्राम प्रधान काम नहीं कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि सरकार ने ही फंड रोककर प्रधानों को बदनाम करने की साजिश रची है। क्या यही पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना है ? क्या लोकतंत्र की पहली सीढ़ी ग्राम पंचायत को बर्बाद करना है। क्या प्रधानों को केवल जनता की गालियां सुनने और किरकिरी झेलने के लिए चुना गया है। ब्रजवीर दहिया ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगर पंचायत को समय पर वित्तीय किस्त नहीं मिलेंगी तो विकास कार्य कैसे होंगे ? फंड के अभाव में ग्राम प्रधानों का अपमान और उनकी छवि खराब करना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन स्पष्ट चेतावनी देता है। कि अगर 15 दिनों के अंदर पंचायतों की केंद्र वित्त की किस्त जारी नहीं की गई तो संगठन प्रदेश भर में ग्राम प्रधानों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन करेगा। यह आंदोलन गांव से राजधानी तक होगा ।

# जन समस्या को लेकर तीसरे दिन निर्वाण फाउंडेशन व ग्रामीण धरना जारी



वेलकम इंडिया

मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ) ।ग्राम अबूपुर (विकास खंड मुरादनगर) में जलभराव, नालीझसड़क समस्या और स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की दुर्दशा को लेकर तीसरे दिन निर्वाण फाउंडेशन व ग्रामीण बरसात में भी खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं।महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग कीचड़ व गंदगी में संघर्षरत हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने सुध नहीं ली है ।ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 5 अक्टूबर 2025 तक स्थायी समाधान कर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ, तो निर्वाण फाउंडेशन बाध्य होकर पूरे विकास खंड क्षेत्र में जनजागरण पोस्टर अभियान चलाएगा। इन पोस्टरों में लगभग 15 लाख रुपये के टेंडर की प्रतिलिपि प्रदर्शित की जाएगी, ताकि जनता को गुमराह करने की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही निर्वाण फाउंडेशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो संगठन अबूपुर तक सीमित न रहकर पूरे विकास खंड मुरादनगर के गाँवों की समस्याओं को भी जनता के बीच उजागर करने के लिए बाध्य होगा। महेंद्र, उज्वल, सतेन्द्र,राहुल, सोनू, शिवम, अरुण, बब्लू, बिमला, राजवती, ब्रजेश, ओमबती, आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्टेशन तो हो गए लगभग तैयार, फिर मेरठ में नमो भारत और मेट्रो का कब होगा शुभारंभ यात्री की रहे इंतजार

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



मेरठ में नमो भारत और मेट्रो के शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 30 सितंबर को हरी झंडी दिखाने की उम्मीद थी पर अनुमति नहीं मिली। अब दशहरा के बाद 6 अक्टूबर तक शुभारंभ की संभावना है। शताब्दीनगर स्टेशन से उद्घाटन हो सकता है जिसके बाद प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। रैली में एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। फिलहाल हर तरफ प्रश्न यही गूंज रहा है कि मेरठ शहर में नमो भारत और मेट्रो का शुभारंभ कब होगा। दिन-रात गति से दौड़ती दोनों ट्रेनों को देखते हुए प्रतीक्षा अब थका रही है। माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितंबर को हरी झंडी दिखा सकते हैं लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय से इसके लिए अनुमति नहीं मिल सकी। अब चर्चा है कि दशहरा के बाद छह अक्टूबर के बीच किसी भी दिन शुभारंभ हो सकता है। दोनों ट्रेनों का शुभारंभ दैनिक जागरण चौराहा स्थित शताब्दीनगर स्टेशन से होने की पूरी संभावना है हालांकि शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री जनसभा भी कर सकते हैं इसलिए स्थल के चयन पर अभी मंथन जारी है। जनसभा कहां होगी इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है। प्रधानमंत्री शुभारंभ के दौरान यात्रियों व महिला आपरेटरों (ड्राइवरों) से बातचीत भी कर सकते हैं। यह बात सामने आई है कि जो स्थल रैली के लिए निर्धारित किया जाएगा वहीं पर हेलीपैड भी बनाया जाएगा।

वहां से पहले शुभारंभ के लिए जाएंगे फिर रैली में पहुंचेंगे। रैली में लगभग एक लाख लोगों के एकत्र होने की संभावना है। इसी संख्या को देखते हुए स्थल का चयन होना है। जिला प्रशासन और एनसीआरटीसी के पास अभी शुभारंभ की जानकारी नहीं है।

# नदीम खान से पुलिस का वायरलेस हैंडसेट बरामद, 29 आरोपियों समेत भेजा गया जेल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को पुलिस ने एक बड़ा खुलासा करते हुए मौलाना तौकीर रजा खान के खास और आईएमसी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के वक्त उसके पास से पुलिसकर्मी से छीना गया वायरलेस हैंडसेट भी बरामद हुआ है।इसके साथ ही पुलिस ने कुल 29 दंगाइयों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने प्रेसवार्ता में बताया है कि नदीम खान बवाल का बड़ा साजिशकर्ता है। बवाल के दौरान उसने पुलिस का वायरलेस सेट छीना और उसे गोपनीय बातें सुनने के लिए इस्तेमाल किया। इसी दौरान आरोपी जफरूद्दीन भी पकड़ा गया, जिसके पास से अवैध हथियार मिले।जांच में सामने आया कि आरोपियों को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए जगह-जगह इकट्ठा किये जा रहे थे। नदीम खान ने माना है कि एक अपील लेटरहेड पर उसने, डॉ. नफीस और लियाकत के हस्ताक्षर वाली अपील चलाई गई थी। हालांकि उसने बाद में मुकरते हुए कहा कि हस्ताक्षर उसके नहीं थे।एसएसपी का कहना है कि नदीम का मकसद पुलिस और जनता दोनों को गुमराह करना था। पुलिस अब तक 55 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और बाकी की तलाश जारी है। लियाकत को पकड़ने के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस लाइन में जब आरोपियों को मीडिया के सामने लाया गया तो सभी आरोपी, जिसमें नदीम भी शामिल था, हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए और गिड़गिड़ाते हुए नजर आए।

# नवरात्रि पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना के 160 परिवारों को दिया तोहफा, नये भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ किया

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नवरात्रि के शुभ अवसर पर मधुबन बापूधाम योजना के कुल 160 आवंटियों के लिए भूखण्डों को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जाने के पश्चात नये भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ आज दिनांक 30.09.2025 को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से सचिव महोदय की अध्यक्षता में ड्रॉ समिति के सदस्यों एवं जनसामान्य की उपस्थिति में पूरी शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ।मधुबन बापूधाम के पॉकेट-ई0 में वर्ष 2010 से 2012 के मध्य शमशान घाट के समीप



आवंटियों का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें प्रसन्नता है कि हम नवरात्रि जैसे शुभ अवसर पर परिवारों को राहत दे पा रहे हैं। – **अतुल वत्स, उपाध्यक्ष जीडीए**

आवंटित भूखण्डों जिनमें 115 वर्ग मी0 के 50 भूखण्डों, 60 वर्ग मी0 के 89 भूखण्डों, 40 वर्ग मी0 के 21 भूखण्डों के आवंटियों के द्वारा पिछले कई सालों से प्रभावित आवंटियों द्वारा प्राधिकरण से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि उन्हें वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा की और शीघ्र समाधान हेतु ठोस कदम उठाए। उनके निर्देश पर नई योजना के तहत लेआउट को दोबारा तैयार किया गया, जिसे माननीय प्राधिकरण बोर्ड से विधिवत अनुमोदन भी प्राप्त किया। उन्होंने कहाँ कि प्राधिकरण का लक्ष्य है कि हर आवंटी को ऐसा घर मिले जहाँ उनका परिवार सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सके।



# शहर को रोशनी से जगमगाने की तैयारी, महापौर ने प्रकाश व्यवस्था पर कसा शिकंजा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीपावली का पर्व नजदीक आते ही नगर निगम ने शहर को रोशनी से सराबोर करने की तैयारी तेज कर दी है। महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में प्रकाश विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जीएम जल के.पी. आनंद, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह सहित नगर निगम के कई अधिकारी और लाइट इंस्पेक्टर मौजूद रहे। बैठक के दौरान महापौर ने साफ शब्दों में कहा कि शहर के सभी वार्डों में रोशनी की व्यवस्था एक समान होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक लाइट इंस्पेक्टर अपने-अपने वार्ड का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करें और खराब लाइटों को तुरंत दुरुस्त करें। किसी भी वार्ड से पार्षद या जनता की शिकायत आती है तो उस पर तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी ठीक या बदली गई लाइटों का जियोटैग फोटो और रजिस्टर में रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से रखा जाए ताकि कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि इस बार नगर निगम ने त्योहारों से पहले ही सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर में नई लाइटें लगाई जा रही हैं और कई वार्डों में कार्य प्रारंभ हो चुका है। उनका कहना था कि दीवाली पर गाजियाबाद की हर गली, हर सड़क और हर मोहल्ला रोशनी से दमकना चाहिए। नगर निगम की यह कोशिश है कि दीपावली का पर्व लोगों के लिए यादगार बने और पूरा शहर जगमगाता नजर आए। महापौर ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि केवल सड़कें ही नहीं बल्कि पार्कों में भी प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

# एसीपी वेब सिटी ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा का संदेश दिया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 को पूरी तरह सफल बनाने के लिए गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निभा रहे हैं। इस अभियान में पिंक बूथ और एंटी रोमियो स्क्वॉड की टीम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए सतत प्रयासरत है। विशेष रूप से एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल इस मुहिम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के मां दुर्गा पांडाल में एसीपी प्रियाश्री पाल ने पिंक बूथ व एंटी रोमियो स्क्वॉड की प्रभारी और एसओ क्रॉसिंग रिपब्लिक सरिता सिंह की महिला टीम के साथ उपस्थित होकर वहां मौजूद महिलाओं, विशेषकर बालिकाओं, को मिशन शक्ति 5.0 का महत्व समझाया। उन्होंने महिलाओं को अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में

इस दौरान पांडाल में उपस्थित लोगों ने एसीपी प्रियाश्री पाल और महिला टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस प्रशासन का यह अभियान पूरे शहर में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहेगा।

विस्तार से जानकारी दी और कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों के सही उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि नवरात्र के पावन पर्व पर यह संदेश सभी महिलाओं तक पहुँचाना आवश्यक है कि हर महिला में मां दुर्गा का स्वरूप होता है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज में उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता फैलाना है।

# त्योहारों के बीच तेज रफ्तार से चलेंगे कार्य, नगर आयुक्त ने सभी विभागों को किया अलर्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की।

इस दौरान शहरवासियों की ओर से विभिन्न विभागों से संबंधित कुल पांच संदर्भ प्राप्त हुए। इनमें निर्माण विभाग से दो, उद्यान विभाग से दो तथा प्रकाश विभाग से एक मामला सामने आया। प्राप्त संदर्भों में विजयनगर सेक्टर-9 के पार्क में लगे सबमर्सिबल को चालू करने का कार्य, वसुंधरा सेक्टर-1 में सड़क मरम्मत का कार्य, वसुंधरा सेक्टर-1 में पार्क की लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने का मामला, तथा नंदग्राम में अवैध अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दे



प्रमुख रहे। नगर आयुक्त ने इन सभी संदर्भों पर अधिकारियों को तुरंत और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों का समय चल रहा है और ऐसे में शहर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्कों की देखरेख और सड़कों की मरम्मत जैसे कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी मामलों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए और प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। संभव के बाद नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण करने के आदेश दिए, ताकि शिकायतों का निस्तारण धरातल पर हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और तत्परता बेहद जरूरी है। नगर आयुक्त ने कहा कि त्योहारों के समय शहर में काम की रफ्तार धीमी नहीं होनी चाहिए। हर विभाग अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैदी से काम करे और नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करे। हमारा लक्ष्य है कि त्योहारों पर गाजियाबादवासी स्वच्छ, सुरक्षित और जगमगाते शहर का अनुभव कर सकें।

# वैशाली सेक्टर-1 में विकास कार्यों का नया अध्याय, नाले की दीवार की मरम्मत से बढ़ेगी सुरक्षा और सौंदर्य

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 के नाले की दीवार में रिपेयर और प्लास्टर का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य नगर निगम पार्षद कुसुम गोयल की पार्षद निधि से करवाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर समाजसेवी के एल शर्मा ने मंगलवार को नारियल फोड़कर कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गूगल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं और यह नाले की दीवार का सुधार क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का विशेष आभार प्रकट किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से न्यायाधीश आरके पांडे, भाजपा नेता अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, दिनेश शर्मा, एस एल मिश्रा, भूपेंद्र प्रहलाद सिंह, बिजी सिंह, नरेंद्र वर्मा, एम के उपाध्यक्ष, एसके दुबे, बीएस चौहान, मंगल सिंह, राजू पवित्रा, रेनू नेगी, मनीष दुबे, दुष्यंत गौतम, नितेश, पवन, रामसूरत राय, सुरेश नंदन और एन के चौहान शामिल थे। पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि यह कार्य न केवल नाले की दीवार की मजबूती को बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए सुरक्षा और सौंदर्य की दृष्टि से भी लाभकारी होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग और जागरूकता बनाए रखने की अपील की ताकि यह विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके।

# नारी है शक्ति का स्वरूप, सशक्त नारी से ही बनेगा सशक्त समाज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम ने मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों व स्वावलंबन को लेकर भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली की शुरूआत नगर निगम मुख्यालय से हुई, जहां नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने माता लक्ष्मी, काली और सरस्वती की झांकियों को नमन करते हुए शक्ति का जयघोष किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नारी शक्ति का अवतार है और जब नारी सशक्त होगी तभी समाज व राष्ट्र सशक्त हो सकेगा। जन-जागरूकता रैली में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, चंद्रपुरी की छात्राओं ने सुंदर और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिनके माध्यम से नारी शक्ति का संदेश पूरे शहर को दिया गया। माता लक्ष्मी,



काली और सरस्वती की भव्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। इसी क्रम में नगर निगम स्कूल की एक छात्रा ने परी की झांकी प्रस्तुत कर हेल्पलाइन नंबरों के महत्व को दशार्या। इस झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर महिलाओं के लिए सबसे बड़ी शक्ति हैं, जिन्हें जानना और उपयोग करना जरूरी है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रैली में उपस्थित छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और कहा कि किसी भी संकट की स्थिति में इनका उपयोग करने में झिझक महसूस न करें। उन्होंने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य है–नारी का आत्मविश्वास, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना। इस भव्य रैली में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत अनेक जागरूकता कार्यक्रम पूरे शहर में चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्गा अष्टमी पर आयोजित यह रैली महिलाओं और बालिकाओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुई है। रैली नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ होकर दुर्गा भाभी चौक तक पहुंची, जहां माल्यार्पण कर नारी शक्ति को नमन किया गया। बैंड-बाजे और जयकारों के साथ निकली यह शोभायात्रा पूरे मार्ग में लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी इस आयोजन में भाग लेकर इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्गा अष्टमी के इस अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 की यह पहल गाजियाबाद में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए जन-जन तक संदेश पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी।


**सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब**

**(आदेश 5 कायदा 1 व 5)**

समक्षः न्यायालय पीठासीन अधिकारी, कमर्शियल कोर्ट सं०–2,गौतमबुद्धनगर

**EX. NO.-46/2025**

नितिन गोगिया पुत्र श्री के एल गोगिया निवास थर्ड एम–42, नेहरूनगर गाजियाबाद, परगना लोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद। ...Plaintiff

बनाम

हितेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह, निवास प्लाट/फ्लैट नं0–2, प्रथम तल प्लाट नं0–1005, सैक्टर–5 वसुन्धरा गाजियाबाद। ... Defendant

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धनवसूली अंकन 12,54,468/– रुपये दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08.10.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत अधिवक्ता के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम कुतलिल्लका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके दावा की करें, और आपका लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हैं। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29.09. 2025 जारी किया गया।

आदेशानुसार
एस.कुमार (मुंसरिम)
कमर्शियल कोर्ट सं.–2,
गौतमबुद्धनगर।


# 10वीं की छात्रा ने संभाला पुलिस उपायुक्त नगर का पद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस सराहनीय पहल कर रही है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में मंगलवार को महर्षि विद्यापीठ स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा ईशिका पुत्री अमित कुमार, निवासी ग्राम महरौली थाना कविनगर को एक दिन के लिए पुलिस उपायुक्त (नगर) बनाया गया। पुलिस उपायुक्त नगर का कार्यभार संभालते ही छात्रा ईशिका ने पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में जनसुनवाई की अध्यक्षता की। उन्होंने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों



को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर छात्रा ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि मुझे इस जिम्मेदारी का अनुभव मिला। मिशन शक्ति हमें न केवल आत्मविश्वास देता है बल्कि समाज की जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। मैं चाहती हूं कि सभी छात्राएं निर्भीक होकर आगे बढ़ें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। पुलिस उपायुक्त (नगर) धवल जायसवाल ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जिम्मेदारी का अनुभव दिलाना हमारे अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब युवतियां कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से देखती हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। ईशिका जैसी छात्राएं आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। हमारा प्रयास है कि समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति नई सोच विकसित हो। मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। साथ ही यह पहल युवाओं को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक बनाने का एक मजबूत कदम है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड फूड वितरण अनिवार्य, एनआरसी में 100' बेड ऑक्युपेंसी सुनिश्चित की जाए

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण अभियान की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में जिला पोषण समिति की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों को योजनाओं से जोडा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि वार्ष्णेय और मंडल समन्वयक मेरठ मंडल श्रीमती गरिमा सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पिछले माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में बताया गया कि तीसरे त्रैमास का पोषाहार अभी प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण वितरण प्रभावित हुआ। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पोषण वितरण में किसी भी प्रकार की देरी बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, इसलिए इस समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाए। सीडीओ ने पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कुल 923 सैम बच्चों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें से प्रत्येक बच्चे की स्क्रीनिंग एएनएम के माध्यम से सुनिश्चित की जाए और उनकी जानकारी ई-कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से फीड की जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए हर माह सैम बच्चों की सूची तैयार की जाए और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। बैठक में हॉट कुक्ड फूड योजना की भी समीक्षा की गई। यह पाया गया कि कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्म भोजन का वितरण नहीं हो रहा है। इस पर सीडीओ ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर हॉट कुक्ड फूड का वितरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों को संतुलित पोषण मिल सके। सीडीओ ने एनआरसी (न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर) में बच्चों की भर्ती व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक माह 100' बेड ऑक्युपेंसी सुनिश्चित की जाए।

